हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 बारिश से पहले सभी नालों की होगी सफाई ...



16 न्याय के देवता शनि का प्राकट्य उत्सव कल..





### कोसानाला में 17 करोड़ की राशि से हो रहा निर्माण

# नाला बचाने डीएम ने दिए सीमांकन के निर्देश, तहसीलदार ने बना दी गलत टीम, जोन आयुक्त को जानकारी ही नहीं

■ कई एकड़ सरकारी जमीन भू-माफियाओं के कब्जा के लिए छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत कोसानाला (बड़ा नाला) से लगती कई एकड़ सरकारी जमीन को बचाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस नाले से लगती करोड़ों रुपए की कई एकड़ जमीन पर बड़े बड़े भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। हरिभूमि ने जब इस खबर को प्रमुखता से उठाया तो कलेक्टर नाले और उससे लगती शासकीय जमीन के सीमांकन के लिए तहसीलदार को टीम बनाने का निर्देश दिया, लेकिन उनके द्वारा जुनवानी क्षेत्र के आरआई पटवारी की जगह कोहका के आरआई और पटवारी को सीमांकन के लिए बोल दिया।

इसके बाद इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। सबसे चौकाने वाली बात यह की निगम के जिस अधिकारी की देखरेख में ये काम हो रहा है, उसे इस मामले की कोई जानकारी ही नहीं है। एक बार फिर से मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने सुशासन तिहार में कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की है और कहा कि इस मामले में कलेक्टर को खुद संज्ञान लेना चाहिए। हरिओम तिवारी ने बताया कि ये एक बड़ा स्कैंडल है। जिन लोगों ने खसरा नंबर 901 की जमीन पर कब्जा करके निर्माण किया है वो काफी बड़े और पहुंच वाले लोग हैं। निगम और जिला प्रशासन के अधिकारी उनसे मिलकर उन्हें फायदा पहुंचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यही कब्जा किसी गरीब ने किया होता तो निगम की टीम पहुंचती और जेसीबी से उसे तोड़ देती, लेकिन इतने बड़े मामले में निगम के अधिकारी यहां तक की कलेक्टर कार्रवाई करने से बच रहे हैं, ये चिंता का विषय है।





सरकारी जमीन पर कब्जे की अंधेरगर्दी, अधिकारियों से सांठगांठ से चल रहा काम

नाले की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा 32 मीटर की जगह 18 मीटर चौड़ाई में सिमटा



दखते रहे जिम्मेदार और धीरे-धीरे फिर कब्जा कर तन गई बिल्डिंग

15 साल पहले पार्षद ने बड़ा नाला क बचाने बनवाया था सामुदायिक भवन

### नाला संकरा होने से ये कालोनियां होंगी प्रभावित

यदि कोसानाला को चौड़ा नहीं किया गया तो बारिश के दिनों में इसका पानी उफान लेकर कालोनियों में भरेगा। निगम के एक इंजीनियर ने बताया कि इस नाले का चौड़ा होना काफी जरूरी है। यदि यह 32 मीटर से कम चौड़ा हुआ तो इससे बारिश का पानी तेज बहाव के साथ नहीं निकल पाएगा। इससे रसने आवास के 400 मकान, राधिका नगर के 500 मकान, मराठी मोहल्ला के 1000 मकान, गांधी कालोनी के 250 मकान, दीक्षित कालोनी के 200 मकान, दुर्गा नगर के 100 मकान और अटल आवास के 200 मकानो में जल भराव का खतरा है। यदि ऐसा हुआ तो यहां के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसमें अधिकतर कॉलोनियों की गिनती पॉश कालोनियों में आती है। इसके बाद भी निगम इस ओर गंभीर नहीं है।

### बिल्डर को सुविधा देने बना दी चौड़ी सड़क, महंगे हुए मकान

एमजे कॉलेज के सामने इसी नाले से लगता हुआ एक नया रास्ता बना है। यह रास्ता कई बड़े बिल्डरों को करोड़ों का फायदा पहुंचा रहा है। इसलिए निगम ने इस रास्ते को चौड़ा करने के लिए नाले को पाटकर संकरा कर दिया है। लगभग आधे नाले को पाटकर बिल्डर की कालोनियों को जाने वाले रास्ते को कई मीटर चौड़ा करके वहां स्ट्रीट लाइट लगा दी गई है। जहां पहले कार जाने में परेशानी होती थी, आज नाले की बलि देकर ऐसा कर दिया गया है एक साथ दो से तीन ट्रक उस रास्ते से चले जाएं तो भी रास्ता कम नहीं पड़ेगा। पार्षद हरिओम तिवारी का कहना है कि सूर्याविहार के बगल से अवैध रास्ता बनाकर बिल्डरों को फायदा पहुंचाने का काम किया गया है। नाले को पटकर संकरा किया गया और सड़क को चौड़ा किया गया है। निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों को चाहिए कि वह आरआई व पटवारी की टीम बनाएं और एसडीएम की निगरानी में नाला व उससे लगी सरकारी जमीन का सीमांकन कर उसे कब्जामुक्त कराएं।

### ठेकेदार ने कहा अधिकारियों ने जहां बताया वहां किया निर्माण

नाले का निर्माण कर रहे ठेकेदार शादाब अहमद ने कहा कि उन्हें नाला में रिटर्निंग वाल बनाने का ठेका मिला है। निगम के अधिकारियों ने जहां से वाल बनाने के लिए बोला उन्होंने निर्माण किया है। सीमांकन करना, जमीन शासकीय या निजी किसी है यह देखना निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों का काम है। उन्होंने कहा अधिकारियों यदि सीमांकन करना है तो जल्दी करें। यदि नाला निर्माण समय पर नहीं हुआ तो बारिश में कई बस्तियों में पानी भरने की समस्या खड़ी हो सकती है।

# संगीता और केतन शाह की जमानत याचिका खारिज

**कोर्ट के आदेश पर तीन दिन पहले सुपेला थाने में दर्ज हुआ है अपराध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



जमीन धोखाधड़ी के मामले में सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता शाह और उनके पति केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट से खारिज हो गई है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। बता दें कि तीन दिन पहले सुपेला थाना में कोर्ट के आदेश पर ही दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज हुआ है। आरोप है कि जमीन को विवाद मुक्त बताकर उसका सौदा किया गया, एडवांस राशि ली, लेकिन बाद में रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। इस मामले में सुनील कुमार सोमन ने पहले पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जब मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, तो उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक दास वैष्णव के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 13 मार्च 2023 को ग्राम कोहका स्थित जमीन का सौदा 50 लाख रुपये में तय हुआ था। इस दौरान संगीता शाह और केतन शाह ने जमीन को पूरी तरह विवाद मुक्त बताया और एडवांस के तौर पर 10 लाख रुपये लिए। आरोप है कि बाद में रजिस्ट्री कराने से मना कर दिया गया। मामले में न्यायालय के निर्देश पर सुपेला थाना पुलिस ने संगीता शाह और केतन शाह के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120बी सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। इस मामले में आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में परिवाद दायर किया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।




### अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, दुर्ग-बालोद में सूने मकानों को बनाते थे निशाना

# शुभलाभ ज्वेलर्स के संचालक और दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार, 13 लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

**1600 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को मिली सफलता**



दुर्ग पुलिस और एसीसीयू टीम ने सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शुभलाभ ज्वेलर्स के संचालक और दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह दुर्ग और बालोद जिले में बंद मकानों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 13 लाख 12 हजार 800 रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर, नगदी और चोरी में इस्तेमाल वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नौशाद निवासी जौनपुर उत्तर प्रदेश, नगीना और मदीना निवासी गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई तथा शुभलाभ ज्वेलर्स पावर हाउस भिलाई के संचालक दुर्गेश गोस्वामी शामिल हैं।मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई है। एएसपी सुखनंदन सिंह राठोर ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए गश्त, मॉर्निंग पेट्रोलिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और 1600 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसी दौरान आरोपी नौशाद की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। एसीसीयू और थाना वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि नौशाद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले का रहने वाला है और खुर्सीपार के गौतम नगर स्थित ससुराल में रहकर मालवाहक वाहन चालक का काम करता था। आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी करता और रात में अपने साथियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी से मिले पैसों से आरोपी ने हीरो डेस्टिनी वाहन खरीदा था। आरोपियों ने पूछताछ में गुरूनानक नगर, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड जामुल, चरोदा, राधिका नगर, पुदमनगर और बालोद जिले के करहीभदर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी के सोने-चांदी के जेवर महिलाओं के माध्यम से पावर हाउस स्थित शुभलाभ ज्वेलर्स में गिरवी रखे जाते थे। मामले में ज्वेलरी दुकान संचालक दुर्गेश गोस्वामी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और ज्वेलरी दुकान से लगभग 60 ग्राम सोने के जेवर, 8.50 ग्राम चांदी, कैमरा, इंडक्शन चूल्हा, 7800 रुपए नगद और चोरी में प्रयुक्त हीरो डेस्टिनी वाहन क्रमांक सीजी 07 डभ्डी 9877 जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 13.12 लाख रुपए बताई गई है।

# कंपनी से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाला चालक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



अंजोरा चौकी क्षेत्र में कंपनी परिसर से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गई सामग्री और वारदात में इस्तेमाल वाहन जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड रसमड़ा के जनरल मैनेजर राधेश्याम पांडे (59 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 मई की सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच कंपनी परिसर से करीब 50 किलो सिलिको मैंगनीज चोरी कर लिया गया। चोरी गई सामग्री की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई गई है। शिकायत पर चौकी अंजोरा थाना पुलगांव में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही खिलेन्द्र कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने वाहन क्रमांक सीजी 07 बी 5782 से सिलिको मैंगनीज चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोरी सिलिको मैंगनीज और घटना में प्रयुक्त करीब 4 लाख रुपए कीमत का वाहन जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।






# 4 दिन में बेलौदी में डायरिया के 58 मरीज मिल चुके 10 अब भी भर्ती



## विषाक्त पदार्थ के सेवन से उल्टी-दस्त के मामले बढ़े, हेल्थ विभाग ने लगाया कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पाटन के ग्राम बेलौदी में उल्टी-दस्त के मरीज लगातार मिल रहे हैं। पिछले 4 दिनों में 58 से ज्यादा मरीज मिल चुकी है, जिनमें से 10 अब भी भर्ती है। उनका इलाज जारी है।

बता दें कि विषाक्त पदार्थ के सेवन के बाद से गांव में उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, एपिडेमियोलॉजिस्ट रितीका सोनवानी, डॉ. उमेश मिर्जा, उत्तम मधुकर सहित अन्य नियमित रूप से गांव में पहुंच रहे हैं। डॉ. दानी से मिली जानकारी अनुसार प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में 14 मई को कुल 150 घरों का सर्वे किया गया, जहां उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले हैं। विगत दिवस 11 मई से आज दिनांक तक कुल 58 मरीज मिले जिनमें से 10 मरीजों का इलाज जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

6 मरीज जिला अस्पताल, 3 मरीज सेलूद हॉस्पिटल व 1 मरीज आस्था हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नही हुई है। सक्रिय सर्वेलेंस का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणजनों से अपील की गई है कि पानी उबाल कर पिये, सड़ीगली सब्जी न खायें, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप



### सूने मकान में चोरी करने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भुवनेश्वरी ने अंजोरा पुलिस के पास शिकायत किया था। उनके पिता की तबियत खराब होने के कारण राजनांदगांव गई हुई थी। अज्ञात मे मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिया। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। जांच में मुखबिर ने सूचना दिया कि रोशन निर्मलकर, सुमेश निर्मलकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। दोनों के पास से पुलिस ने सोना, चांदी के जेवरता जब्त किया है। कार्रवाई में अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धमधा नाका में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर ग्रीन चौक दुर्ग निवासी विकास यादव उर्फ लासा को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 2.064 किलोग्राम, नगदी रकम 740 रुपये कुल सामान 1 लाख 740 रुपये जब्त किया गया। युवक के पास से एक झिल्ली में गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है।
शराब का अवैध परिवहन करते तीन युवक गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से 97 पौवा शराब, बाइक जब्त

**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करते हुए तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते युवक पकड़े गए। पोटिया मार्ग स्थित माईनिंग चेक के पास घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम ग्राम मोहरेंगा युगल शर्मा, चन्द्र कुमार कुर्रे बताया है। इसके अलावा पथरिया चौक बायपास रोड अहिवारा में घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 4 संजय नगर नंदिनी निवासी बैसाखु राम साहू को पकड़ा गया।

## जलभराव रोकने निगम सक्रिय, शहरभर में नालों की सफाई कार्य प्रारंभ

# बारिश से पहले सभी नालों की सफाई के लिए अभियान, गिरधारी नगर नाले से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बारिश के पूर्व जलभराव एवं गंदगी की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नालों की व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में टेंडर निविदा प्रक्रिया के तहत गिरधारी नगर नाला की सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सफाई कार्य के लिए विशेष गैंग लगाकर मशीन एवं श्रमिकों के माध्यम से नाले की सफाई शुरू कराई गई। दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले में जमा गाद, कचरा एवं अवरोधों को शीघ्र हटाकर पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। आगामी बारिश को देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा शहर के सभी बड़े नालों की सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान की शुरुआत गिरधारी नगर नाला से की गई। महापौर अलका बाघमार ने स्थल पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम द्वारा बारिश पूर्व जलभराव की समस्या रोकने हेतु सभी प्रमुख नालों की चरणबद्ध सफाई कराई। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, बाजार, राजस्व विभाग प्रभारी शेखर चन्द्राकर स्वास्थ्य प्रभारी निलेश अग्रवाल, विद्युत विभाग प्रभारी एवं वार्ड पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, रंजीता पाटिल, अरुण सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित मनमोहन शर्मा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### महापौर अलका बाघमार ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण



### प्रमुख नालों में अब भी कचरा जाम, लोग कर रहे शिकायत

शहर के प्रमुख नालों में शंकर नाला, गिरधारी नगर नाला, केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला, पुलगांव नाला, सिकोला बस्ती नाला, आदित्य नगर नाला, चिखली नाला सहित अन्य प्रमुख नाला शामिल है। वर्तमान में शहर के विस्तार के साथ ही इन नालों में कचरा और गंदगी भी बढ़ी है। नियमित सफाई नहीं होने की वजह से हर साल मई-जून माह में इन नालों की सफाई कराई जाती है, ताकि बारिश के दिनों में नालों के आसपास जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा बड़ी नालियों की भी सफाई कराई जाती है। दुर्ग निगम ने इसकी शुरुआत कर दी है। चेन माउंटेन को नालों में उतारा जा रहा है। ताकि तले तक नालों की सफाई की जा सके।

### शहर के सभी नालों को प्रमुख बड़ी नालियों की होगी सफाई, कार्ययोजना बनाई गई

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख नालों एवं नालियों की सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बारिश पूर्व सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा तथा जल निकासी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि नालों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके तथा शहर को स्वच्छ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

## ट्रांसपोर्ट नगर के भूखंडों के लिए सरकारी कीमत से चार गुना तक लगी बोली, आज अंतिम नीलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाईतीन चरोदा नगर निगम के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी में कारोबारियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। गुरुवार 14 मई को निगम कार्यालय में आयोजित नीलामी प्रक्रिया के दौरान हॉल लोगों से खचाखच भरा रहा। शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में व्यवसायी और निवेशक निगम कार्यालय पहुंचे। नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे और निगम आयुक्त डीएस राजपूत स्वयं मौजूद रहकर नीलामी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। नगर निगम की ओर से बताया गया कि 11 मई से शुरू हुई नीलामी प्रक्रिया का समापन 15 मई को होगा। शेष बचे भूखंडों की खरीदी के इच्छुक लोगों से दोपहर 12 बजे से पहले निगम कार्यालय पहुंचकर भाग लेने की अपील की गई है।

निगम प्रशासन के अनुसार हथखोज स्थित ट्रांसपोर्ट नगर तेजी से प्रदेश के बड़े औद्योगिक और ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित हो रहा है। इसी वजह से यहां व्यवसायिक इकाइयां स्थापित करने के इच्छुक लोगों में भूखंड खरीदने की होड़ मची हुई है। संपदा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 11 मई को 15 भूखंडों का विक्रय हुआ था, जबकि 13 मई को 10 भूखंड बिके। वहीं 14 मई को निर्धारित सभी 13 भूखंडों पर सरकारी कीमत से तीन से चार गुना तक अधिक बोली प्राप्त हुई। सभी भूखंडों के लिए उच्चतम बोलीदाताओं द्वारा प्राथमिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। महापौर निर्मल कोसरे और आयुक्त डीएस राजपूत ने जिन लोगों को नीलामी में भूखंड प्राप्त हुए हैं, उन्हें बधाई दी है।

- तीन दिवसीय नीलामी में व्यवसायियों की रही भारी भीड़, 13 भूखंडों पर ऊंची बोली के साथ प्राथमिक प्रक्रिया पूरी

## प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है पीएम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ महत्वपूर्ण संकल्प अपनाने की अपील की है। यह आह्वान केवल सुझाव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त भारत निर्माण की दिशा में एक राष्ट्रीय जनभागीदारी का अभियान है। उक्त बातें नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कही।



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रहित आह्वान का नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री के इस संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि देश जब चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे। प्रधानमंत्री का संदेश हर भारतीय के लिए संकल्प, सेवा और समर्पण का आह्वान है। उन्होंने कहा कि सोना खरीदने से परहेज, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और संसाधनों की बचत जैसे कदम केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जीवंत उदाहरण हैं। जब 140 करोड़ भारतीय एक दिशा में सोचते हैं, तो भारत विश्व में नई शक्ति बनकर उभरता है। श्री भोजराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है। आज आवश्यकता केवल सरकार की योजनाओं की नहीं, बल्कि जनसहभागिता की है। हर परिवार, हर युवा और हर नागरिक यदि इन संकल्पों को अपनाए, तो विकसित भारत का सपना शीघ्र साकार होगा।

## नारी के आभूषण कमजोरी नहीं, शक्ति का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा नेताओं की टिप्पणी पर समाज सेविका गुरमीत कौर ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तानी नारी के आभूषण किसी व्यक्ति विशेष की देन नहीं, बल्कि संस्कृति का परिचायक है। तथाकथिक बीजेपी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की निम्न स्तर की टिप्पणी से देश की महिलाएं शर्मसार होती हैं। भाजापा के दिग्गज नेता सिंदूर उजाड़ने के बाद शहीदों को नमन करने की बजाय सभी माताओं, बहनों और विधवाओं को घर-घर जाकर राखी तो नहीं बंधवाते पर सिंदूर देने जरूर जाते हैं, जो की अशोभनीय है। देश का नाम रोशन करने वाली वीरांगनाएं व योद्धा के रूप में महिलाओं ने चूड़ी, बिंदी, सिंदूर के साथ तलवार लेकर अंग्रेजों से लोहा मनवाया। विदेश में जन्मी स्वर्गीय राजीव गांधी की पत्नी यूपीए चेयरमेन सोनिया गांधी ने भी चूड़ी, सिंदूर, साड़ी पहनकर ही देश का नेतृत्व किया। शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो चूड़ी और सिंदूर को बहुत कमजोर समझती हैं।



## कत्लखाने ले जाए जा रहे 6 मवेशी छुड़ाए गए पुलिस ने पिकअप समेत चालक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धमधा पुलिस ने 6 मवेशियों से भरे एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया।

गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक के पास की गई कार्रवाई में पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मवेशियों को बेहद क्रूरतापूर्वक वाहन में ठूस-ठूसकर बिना चारा-पानी के ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के साथ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार गौरक्षा समिति के सदस्य केशव सोनकर, विकास अग्रवाल, वीर ताम्रकार, योगेश यादव और लोभान निषाद को क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद सभी लोग ग्राम ठेलका चौक के पास निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 7 बजे महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जेएच 5896 वहां पहुंचा। गौसेवकों ने वाहन रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। वाहन के पीछे का हिस्सा तिरपाल से ढंका हुआ था। शक होने पर जब वाहन की जांच की गई तो उसमें 6 मवेशी भरे मिले।

सूचना मिलने पर धमधा पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अतुल गव्हारे निवासी पुरवाटोला, थाना लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मवेशियों को ग्राम परोडा थाना धमधा क्षेत्र से लोड किया गया था और उन्हें लांजी ले जाया जा रहा था, जहां से आगे नागपुर के कत्लखाने भेजने की तैयारी थी। पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

- गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक में घेराबंदी, बालाघाट निवासी आरोपी

## दुकान में लगी आग, यातायात पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**भिलाई।** छावनी चौक स्थित एक दुकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। समय रहते यातायात पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान मालिक को बुलवाया और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार यातायात शाखा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुशील पांडे अपने हमराह आरक्षक रमेश चंद्राकर, दिनेश द्विवेदी और ओम प्रकाश तिवारी के साथ सुबह करीब 9.30 बजे छावनी चौक क्षेत्र में सड़क पर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई के लिए निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम की नजर एक दुकान से निकल रहे धुएं पर पड़ी। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रुकी और दुकान मालिक को फोन कर बुलाया गया। दुकान खुलवाने के बाद अंदर आग लगी हुई मिली। इसके बाद पुलिसकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा नुकसान और जनहानि टल गई। घटना के दौरान बिजली विभाग और अग्निशमन विभाग को भी तत्काल सूचना दी गई, ताकि स्थिति और न बिगड़े।

### नगर निगम ने वसूला जुर्माना

## वाहनों की अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिष्ठानों और अन्य जगहों पर वाहन खड़ी कर सड़क बाधा करने वालों पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशा पर सुपेला आकाश गंगा क्षेत्र में 3200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा परिसर में प्रतिष्ठानों के सामने अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर चालानी कार्रवाई की गई। गौरी शंकर 200, मनोज कुमार 200, सौरभ 200, प्रकाश हालधर 200, भोले बाबा 200, देवनाथ 100, पवन कुमार गुप्ता 200, रमेश गुप्ता 200 इस प्राकर कुल 1400 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार राखी फर्नीचर रोड के सामने में अवैध रूप से सब्जी ट्रक पार्किंग किया गया था, जिनसे सड़क और आवागमन बाधित के रूप में कुल 1800 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

### सुराज तिहार के बाद भी जनदर्शन में शिकायतों का अंबार, 100 से ज्यादा आवेदन आए

# अरसनारा में मुरुम का अवैध खनन, भुइयां पोर्टल में त्रुटी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में इन दिनों 1 मई से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। इन सबके बीच कलेक्टोरेट में जनदर्शन भी लगाया जा रहा है। बुधवार को जनदर्शन के दौरान 100 से ज्यादा आवेदन आए। चिलचिलाती धूप में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। अरसनारा के ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध मुरुम खनन की शिकायत की। इसी प्रकार जिले के किसानों ने भुइंयां में त्रुटी के कारण जमीन रिकॉर्ड में अपडेट कराने को लेकर हो रही दिक्कतों को कलेक्टर अभिजीत सिंह को अवगत कराया। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

### कोड़िया में मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिक्कत

कोड़िया के ग्रामवासियों ने वार्ड 2 में सड़क, नाली एवं बिजली पोल जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि वार्ड में लगभग 20 से 50 परिवार निवासरत हैं। नाली व्यवस्था नहीं होने से गंदा एवं बारिश का पानी घरों के आसपास जमा हो रहा है, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। गली में सड़क निर्माण के बाद पानी निकासी बाधित हो गई है। वहीं सरपंच द्वारा गली में गड्ढा खोद दिए जाने से जलभराव की स्थिति और गंभीर हो गई है। बरसात में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अटारी पाटन के किसानों ने डंगनिया नाला पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा भूमि अधिग्रहण कर पुल निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी मुआवजा राशि प्रदान नहीं किया गया है।



### गौटनिन तालाब के आसपास पिछले एक महीने से खुदाई

अरसनारा के ग्रामीणों ने बिना अनुमति अवैध मुरूम खनन की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि गौटनिन तालाब में पिछले एक माह से जेसीबी और ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व नुकसान और सड़क क्षति हो रही है। तालाब में पानी नहीं होने से जल संकट बढ़ गया है तथा पशुओं और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने खनिज विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम खम्हरिया निवासी कृषक ने भुईंया ऑनलाइन पोर्टल में नाम सुधार कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण होने के बावजूद पोर्टल पर अब भी उनके दिवंगत पिता का नाम दर्ज है। इससे धान बिक्री पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड और एग्रीस्टेक पंजीयन में परेशानी हो रही है।

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



# कुम्हारी जैसे बड़े हादसे का इंतजार कर रहा पाटन का बिजली विभाग

## नगर पंचायत पाटन के वार्ड 2 में मौत को दावत देते जर्जर पोल और झूलते तार से बढ़ा जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 02 (नहर किनारे) के रहवासी इन दिनों खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। सालों से यहाँ के जर्जर बिजली के पोल और घरों की छतों को छूते हुए झूलते हाई-वोल्टेज तार किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। विडंबना यह है कि स्थानीय निवासियों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद बिजली विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है।

### हवा चली नहीं कि बढ़ने लगती है लोगों की धड़कनें

वार्डवासियों का कहना है कि जब भी तेज हवाएं चलती हैं, ये तार आपस में टकराकर चिंगारियां छोड़ते हैं। वहीं, बंदरों की उछल-कूद स्थिति को और भी भयावह बना देती है। लोगों को डर है कि कहीं ये तार टूटकर किसी घर पर न गिर जाएं। हाल ही में कुम्हारी में शॉर्ट सर्किट से हुए गैस ब्लास्ट जैसी दर्दनाक घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी समझ से परे है। क्या विभाग किसी बड़ी जनहानि के बाद ही जागने का इंतजार कर रहा है?



### सालों से सिर्फ मिल रहे कोरे आश्वासन

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वे पिछले कई सालों से जनसमस्या निवारण शिविर सहित बिजली विभाग को आवेदन और शिकायत पत्र दे रहे हैं। समस्या के समाधान के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है। वार्ड के लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि उनकी सुरक्षा को ताक पर रखकर विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

### चुनावी वादे हुए हवा-हवाई

वार्डवासियों का दर्द है कि चुनाव आते ही तमाम दलों के नेता यहाँ आकर झूलते तारों और जर्जर खंभों को हटाने का बड़ा वादा करते हैं। वोट लेने के बाद ये वादे भी बिजली के तारों की तरह अधर में लटक जाते हैं। नेताओं की उदासीनता और विभाग की लापरवाही के बीच आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वार्ड क्रमांक 02, मे जर्जर पोल, घरों के बीच झूलते तार और शॉर्ट सर्किट का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल जर्जर खंभों को बदला जाए और तारों को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट किया जाए।

## व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# खाद अव्यवस्था को लेकर किसान पहुंचे कलेक्टोरेट, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

प्रदेश सरकार की किसानो को खाद उपलब्ध करवाने की आधी-अधूरी और कटौती वाली व्यवस्था से किसान परेशान हैं। बुधवार को किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंच नाराजगी जताई तथा व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर धरना आंदोलन की चेतावनी दी।

पूरे प्रदेश सहित दुर्ग जिले के किसान इस वर्ष मौसम विभाग के 90 प्रतिशत मानसून की संभावनाओं के बीच खेती किसानी में जुट गए हैं खेती में फसल उत्पादन का मुख्य आधार खाद उर्वरक होता है। सरकार किसानों जिसमे ऋणों कृषकों को सहकारी समितियों के माध्यम से तथा अऋणी कृषकों को खुले बाजार से जरूरी उर्वरक जैसे डीएपी, यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट, पोटास सहित अन्य मिश्रित खाद समय में उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी होती है। वर्तमान हालात यह है कि अप्रैल माह में खाद का अग्रिम उठाव नहीं होने से चिंतित किसान सीधे सोसायटी पहुंच रहे है जहां पर प्रति

### खाद की बिक्री उपलब्धता की स्पष्ट नीति घोषित करने की मांग



एकड़ मिलने वाले एक बोरी डीएपी की जगह सिर्फ 25 किलोग्राम, दो बोरी यूरिया के स्थान पर सिर्फ एक बोरी, पोटाश में भी भारी भरकम कटौती, एसएसपी भी दो बोरी के जगह एक बोरी ही दी जा रही है। साथ ही चार एकड़ से ज्यादा खाता धारक को इसी अनुपात में आधी मात्रा अभी और बचत मात्रा 20 दिन बाद दिए जाने से किसान परेशान व आक्रोशित है। इन परिस्थितियों में किसान अपनी पीड़ा को लेकर कलेक्टर से गुहार लगा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप छः सूत्रीय मांगों के निराकरण की बात कही है।

जिसमें खाद की बिक्री उपलब्धता की स्पष्ट नीति की घोषणा, डीएपी,यूरिया सहित सभी खाद प्रति एकड़ पूर्व में अनुशंसित मात्रा के हिसाब से प्रदाय, पांच एकड़ से ज्यादा वाले कृषकों को खाद दो किश्त के बजाय एक बार देने, खाद के साथ दिए जाने वाले गैर जरूरी खाद सामग्री लादन पर रोक लगाने, सहकारी समिति में कृषक की साख सीमा पूर्ववत की तरह 60:40 करने और खुले बाजार में खाद विक्रय की ठोस नियंत्रित व्यवस्था लागू करने जैसी मांग रखी गई है।

ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रिवेंद्र यादव केश शिल्पी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नन्दकुमार सेन, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष राजेश हिरवानी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विशाल देशमुख, जनपद सदस्य मिलनतीन ठाकुर, जोन प्रभारी देवराज चतुर्वेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष तुलसीराम देशमुख, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खिलेंद्र साहू, पूर्व सरपंच गनियारी रोहित साहू, पूर्व सरपंच कोकड़ी रोशन साहू, पूर्व सरपंच कारगाडीह घनश्याम गजपाल, पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति बोरिगारका राजेश साहू,सेक्टर प्रभारी कैलाश सिन्हा, लोकेश बंजारे, मनोहर साहू, तारक सिन्हा, रेवाराम ठाकुर और संतराम साहू सहित कृषक मौजूद रहे।

# 5 वीं बार थमाया जलकर बकाया का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई द्वारा किस तरह भर्राशाही और लापरवाही से काम किया जा रहा है, इसका एक दिलचस्प मामला सामने आया है। जल आपूर्ति विभाग द्वारा वैशालीनगर के एक ईडब्ल्यूएस मकान पर नल कनेक्शन दिखाकर भारीभरकम जलकर का राशि डिमांड नोटिस थोप दिया गया है। जबकि गृह स्वामी द्वारा कभी नल कनेक्शन के लिए आवेदन ही निगम में नहीं दिया।

- निवास में नहीं है नीली पाइप लाइन का कोई नल कनेक्शन

इस संबंध में मकान मालिक द्वारा तीन बार निगम के जोन -2 के कार्यपालन अधिकारी को अर्जी देकर शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे परेशान होकर पीड़ित अब कमिश्नर और कलेक्टर से शिकायत करने जा रहे हैं।

### ननि ने थमाया 17 हजार का भारीभरकम डिमांड नोटिस

वैशालीनगर ईडब्ल्यूएस 200 निवासी पूजा सेजपाल को निगम के जोन -2 वैशालीनगर के जलापूर्ति विभाग द्वारा फिर से बकाया जलकर राशि का डिमांड नोट जारी कर दिया गया है। जबकि उन्होंने नल कनेक्शन लगाने के लिए निगम को कभी भी कोई आवेदन नहीं दिया। इसकी जानकारी वे पिछले 5 साल के दौरान तीन बार निगम के वैशालीनगर जोन के कार्यपालन अधिकारी को बतौर आवेदन दे चुकी हैं लेकिन बार बार जलकर जमा करने का देयक नोटिस भेजा जा रहा है। श्रीमती सेजपाल ने बताया कि उनके निवास स्थान ईडब्ल्यूएस -200 पर नीली पाइप लाइन( जलवितरण) कनेक्शन दर्शाकर 5 वीं मर्तबा वर्तमान डिमांड अवधि अप्रेल 2026 से 27 के लिए दो सौ यूनिट जल खपत के लिए 2400 रुपए जलकर का डिमांड नोटिस जारी कर दिया गया है। बकाया डिमांड अविधि अप्रेल 2020 से मार्च 26 तक मय जुर्माना कुल देय राशि 17 हजार 530 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया गया है। वर्ष 2020 से लगातार जलकर जमा करने नोटिस थोपा जा रहा है। इस संबंध में तीन बार जोन 2 के कार्यपालन अधिकारी को बकायदा आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुके हैं। श्रीमती सेजपाल ने बताया कि उन्होंने कभी भी अपने निवास पर नीली पाइप लाइन (जल वितरण) का कनेक्शन लगवाने कोई आवेदन निगम में नहीं दिया। इसके बाद भी बार बार भारीभरकम जलकर जमा करने के नोटिस मिलने से परेशान होना पड़ रहा है। संबंधित विभागीय अधिकारी सुनने तैयार नहीं है और जमा करने की बात कही जा रही है। राहत नही मिलने पर इसकी शिकायत कमिश्नर व कलेक्टर से करेंगे।

# सामुदायिक भवन में पल रही बकरियां ग्रामीणों ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित अखरा कांजी हाउस परिसर में बने सामुदायिक भवन का इन दिनों दुरुपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पिछले लगभग दो माह से भवन के अंदर बड़ी संख्या में बकरियों को सुबह-शाम लाकर रखा जा रहा है, जिससे आसपास रहने वाले वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बदबू और गंदगी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सामुदायिक भवन सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाया गया था, लेकिन इसे अस्थायी बाड़े में बदल दिया गया है। भवन के भीतर



बकरियों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है, जिससे पूरे परिसर में दुर्गंध फैल रही है। हालत यह है कि आसपास से गुजरने वाले लोगों को भी बदबू के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों ने बताया कि भवन के मुख्य गेट पर जूट बोरे का पर्दा लगा दिया गया है, ताकि बाहर से लोगों को अंदर बकरियां रखे होने की जानकारी न मिल सके।

लोगों का आरोप है कि कांजी हाउस जैसे सरकारी परिसर का इस प्रकार निजी उपयोग किया जाना नियमों के खिलाफ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे बकरी पालन करने वालों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। वार्डवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सामुदायिक भवन को खाली करवाकर नियमित साफ-सफाई कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### निष्काम प्रेम और भक्ति से जीवन होता है आनंदित : सुरेश

**जामगांव आर।** जोगीराम साहू परिसर धमना में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण में भगवताचार्य प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र का जीवंत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी भक्ति में मन को लगाए कि तन को गर्मी का एहसास ही ना हो। भागवताचार्य प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार ने कहा कि प्रेम वासना से मुक्त होता है। कृष्ण सुदामा की मित्रता निष्काम भक्ति का उदाहरण है। श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण धोना और उनकी भक्ति के बदले उन्हें सर्वस्व प्रदान करना इस कथा का मुख्य केंद्र है।



## विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की

# प्रभारी सचिव बोरा ने किया पीएम श्री सेजस विद्यालय कुम्हारी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग सोनमणी वोरा एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बुधवार को पीएम श्री सेजस विद्यालय कुम्हारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव बोरा ने विद्यालय के सभी विभागों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, अटल लैब, स्पोर्ट्स रूम एवं सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। प्राथमिक विभाग में संचालित जादुई पिटारा गतिविधियों तथा मिडिल विभाग में स्मार्ट क्लास के माध्यम से कराए जा रहे शिक्षण कार्य को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा



परिणामों एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की तथा सभी कक्षाओं के टॉपर 22 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। जिनमें कक्षा 12वीं की छात्रा कु.रिया साहू ने राज्य स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा साक्षी देवांगन ने जिला स्तर पर आठवां स्थान अर्जित किया। कक्षा 8वीं में पायल रजानी एवं नैतिक आमटे ने संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 5वीं की छात्रा शिवानी पटेला प्रथम स्थान पर रही, जबकि भव्या साहू एवं रूपाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री बोरा और कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया और यह भी पुछा कि वे जीवन क्या बनेंगे। यह पूछने पर टॉपर्स ने सी.ए., साइबर इंजीनियर, कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को सराहनीय बताया। स्कूल निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक विनोद सिन्हा, सहायक परियोजना समन्वयक एवं जिला नोडल पीएमश्री समग्र शिक्षा डॉ. शशि भूषण शर्मा , विकासखंड शिक्षा आधिकारी धमधा अथर्व शर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा कैलाश साहू एवं एसडीएम महेश सिंह राजपूत एवं सीएमओ कुम्हारी नेतराम चंद्राकर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय आलोक महिला अधिवेशन में रही स्थानीय भागीदारी

**जामुल।** महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक नेतृत्व को समर्पित राष्ट्रीय आलोक महिला अधिवेशन का आयोजन जबलपुर में 10 मई को किया गया। अखिल भारतीय लोधी/लोधा/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ "आलोक"के तत्वावधान में लोकेश लिल्हारे (जीएसटी कमिश्नर, जबलपुर एवं संस्थापक "आलोक") के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आईं महिला पदाधिकारियों कैलाशा बाई लोधी, सुखवंतां बनोरे, नीति पटेल, ललिता लोधा, योगिता लोधी, कामिनी राजपूत एवं अन्य की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय संयोजक रुक्मणी वर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी तुलसी वर्मा और प्रदेश कार्यकारिणी दीपा वर्मा उपस्थित रही। राष्ट्रीय संगठन मंत्री लालाराम जांघेल व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, रामकुमार जघेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आगामी 7 जून को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अधिकारी कर्मचारियों का अधिवेशन भिलाई दुर्ग में संपन्न होना है, जिसमें सभी को आमंत्रित किया गया है।

### सुशासन तिहार आज भागीदारी की अपील

**पाटन।** छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत सभापति श्रीमती नेहा बाबा वर्मा ने नगर पंचायत पाटन क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। 15 मई शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 4 स्थित देवांगन समाज सामुदायिक भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वे स्वयं कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं आवेदनों के संबंध में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी।

### डूमरडीह के आशीष को मिले 90% अंक

**उतई।** उतई क्षेत्र के ग्राम डूमरडीह वार्ड न 20 प्रेम नगर निवासी आशीष ठाकुर ने बारहवीं सीबीएसई की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। शारदा विद्यालय रिसाली भिलाई के छात्र आशीष ठाकुर ने गणित संकाय में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आशीष ठाकुर शिक्षक सालिक राम ठाकुर के सुपुत्र है। मां योगेश्वरी ठाकुर और बहन लेश्मा ठाकुर सहित परिवार जनो ने उन्हें शुभकामनाएं दी।



### डुंडेरा के स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान



**उतई।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने ग्राम डुंडेरा व जोरातराई में स्वास्थ्य सेवाएं दे रही वरिष्ठ एन.एम. ललिता चौधरी, दीपिका साहू एवं कोमेश्वरी साहू का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान तरुण बंजारे ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं।

## निधन

### प्यार अली खिमानी

**दुर्ग।** विद्युत नगर निवासी प्यार अली खिमानी (85 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी शवयात्रा 15 मई को उनके निवास ए-37-38 विद्युत नगर से शाम 5 बजे गंजपारा मुस्लिम कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे रिजवान खिमानी (रिजी) के पिता थे।



## एजुकेशन की खबरें

### सेजस निकुम के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**अण्डा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल (सेजस) निकुम के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर स्कूल, गांव और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विशेष बात यह रही कि किसान, छोटे व्यवसायी, गुपचुप ठेला लगाने वाले तथा मेहनतकश परिवारों के बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर मिसाल पेश की है। परीक्षा परिणाम में रूपाली देशमुख ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। रूपाली एक गरीब किसान परिवार की बेटी हैं, जिन्होंने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। वहीं गोपी देशमुख ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित किए। गोपी के पिता राजू देशमुख गुपचुप का छोटा ठेला लगाते हैं। गोपी पढ़ाई के साथ स्कूल से लौटने के बाद अपने पिता का हाथ भी बंटाता है। वेदिका देशमुख ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। टिशू पारकर ने भी 80 प्रतिशत अंक लेकर सफलता हासिल की। टिशू के पिता युवराज पारकर उन्नत किसान हैं और टिशू पढ़ाई के साथ अपने माता-पिता का खेतों में सहयोग भी करती है। लक्ष्मी पारकर ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। लक्ष्मी गरीब परिवार से आती हैं और उन्होंने आर्थिक व पारिवारिक कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर राजा देशमुख (युवा कोषाध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज सर्किल चिंगरी), टूमेंद्र देशमुख, योगेश्वर देशमुख, योगेंद्र कोसरे, एमन्त देशमुख, खुमान देशमुख एवं संजय नेताम ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### भिलाई पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**भिलाई।** भिलाई पब्लिक स्कूल मरोदा ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का परिचय दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा मनलीन कौर भाटिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के उत्कृष्ट विद्यार्थी मनलीन कौर भाटिया, काव्या वर्मा, मिहिर महाजन, श्रेयश शर्मा, लतिक्षा देशमुख व अमन शर्मा रहे। वाणिज्य संकाय के उत्कृष्ट विद्यार्थी प्राग्या मरकाम, अपूर्व भारती, वेदिका शुक्ला, श्रेयाशी शर्मा, गोदावरी पिस्दा रहे। विद्यालय के चेयरमैन एचपीएस उप्पल और प्राचार्या हरविंदर कौर उप्पल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### मां सारदा पब्लिक स्कूल का शानदार रिजल्ट



**भिलाई।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में मां शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरिन्वित किया है। छात्रा वत्सला जिंदल ने 95.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वत्सला जिंदल ने जेईई मेंस में 99.92 परसेंटाइल लेकर राज्य में छात्राओं में प्रथम स्थान पर रही। शौर्य मिश्रा ने 92.2%, पियूष पाल ने 90.4% और रितेश प्रभात साहू ने 90.0% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इन विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में क्रमशः 94.25 परसेंटाइल, 98.91 परसेंटाइल, 98.00 परसेंटाइल प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर पीके शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### केडी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**भिलाई।** केडी पब्लिक स्कूल के बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित किए। इनमें जय आदित्य बावने 92%, सृष्टि गुप्ता 90%, गर्व पाटनी 87%, सत्यम जगाती 83%, सौरव श्रीरंगे 82.8%, दिव्य धनोरिया 82.4%,शौर्य जैन 81%, मेहुल असटकर 80% मिलिंद उर्वशा 78.6%, सुमित कुशवाहा 78%ने विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## दो हाइवा की आमने-सामने भिड़ंत

**भिलाई।** पुलगांव थाना क्षेत्र में भारती कॉलेज के पास देर रात दो हाईवा वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों चालक वाहन के केबिन में गंभीर रूप से फंस गए। सूचना मिलते ही पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार घटना 13 मई की रात करीब 12 बजे की है। थाना पुलगांव को सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजी 6486 और सीजी 06 एचएफ 6625 आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक अंदर ही फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल जेसीबी मशीन बुलवाई और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों की पहचान विजय कुमार यादव (23 वर्ष) निवासी गोटाटोला बांधाबाजार मोहला मानपुर और वीरेंद्र (34 वर्ष) निवासी झारखंड के रूप में हुई है। दोनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने समय रहते रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण दोनों हाईवा वाहनों की आमने-सामने टक्कर बताया जा रहा है।



लाइव इवेंट

## डेयरी फार्म बना लाभ का जरिया, बोरसी में 100 पशुओं से 30% सालाना मुनाफा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित बोरसी, तालपुरी का एक डेयरी फार्म आज के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है। लगभग 30 डिसमिल क्षेत्र में संचालित इस फार्म में सही प्रबंधन और देखभाल से पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय का रूप दिया गया है। यहां कुल 100 पशु पाले जाते हैं जिनमें 70 भैंसें और 30 गायें शामिल हैं। भैंसों की नस्ल मुख्य रुप से पंजाब की है, जबकि गायों में जर्सी, साहीवाल और देशी नस्लें हैं। भैंसें 2 से 12 लीटर तक और गायें 12 लीटर से अधिक दूध देती हैं। उत्पादित दूध होटलों और स्थानीय जरूरतमंद लोगों को बेचा जाता है, जिससे संचालक को अच्छी आय होती है। पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इन्हें राहड़ चूरी, लकड़ी चूरी, बिनौला खली, नाखिस तथा चोकर-भूसा जैसा संतुलित आहार दिन में तीन बार दिया जाता है। नियमित स्नान कराया जाता है। स्वच्छ और स्टैंडर्ड साइज के शेड की व्यवस्था है। समय-समय पर डॉक्टर द्वारा जांच व टीकाकरण कराया जाता है। मुंह-खुर रोग, लम्पी स्किन रोग, बुखार व कृमि जैसी बीमारियों का उपचार भी किया जाता है।

फार्म संचालक अरविंद यादव ने बताया कि यह उनका पारिवारिक व्यवसाय है जो कई पीढ़ियों से चला आ रहा है। एक भैंस की कीमत लगभग 2,70,000 रुपये और एक गाय की कीमत 70,000 से 1,00,000 रुपये तक होती है। चारा महंगा होने के बावजूद इस व्यवसाय से लगभग 30 प्रतिशत वार्षिक लाभ प्राप्त होता है। इसके अलावा गोबर और गोमूत्र को भी बाजार में बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित की जाती है। इस सफल डेयरी मॉडल का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय, धनौरा दुर्ग की बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष की छात्रा श्वेता बिंझलेकर यहां पहुंचीं। उन्होंने कृषि पत्रकारिता और व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत अरविंद यादव से मुलाकात कर डेयरी संचालन की महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। पशुपालन भारत में किसानों की आमदनी बढ़ाने का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। बोरसी के फार्म फार्म संचालकों ने कहा कि सही प्रबंधन से युवा भी इस व्यवसाय से जुड़कर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं।

● अब कैसे होगी बुरे दिनों के लिए सेविंग, शादी ब्याह व पार्टीवियर पर भी पड़ेगा असर, बेकारी व कालाबाजारी का भी अंदेशा

# आर्थिक संकट में पीएम की सोना न खरीदने की अपील को देशप्रेम के रूप में देख रहा सराफा जगत, महिलाओं में बढ़ रही है बेचैनी

**सोने के गहने क्यों तूने पहने.. काया तेरी खुद कंचन है....। सत्तर के दशक का यह रोमेंटिक गीत देश के मौजूदा माहौल में बखूबी चरितार्थ हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक संकट से गुजर रहे देश के लोगों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने का आह्वान ट्विनसिटी में भी चर्चा का सबब बना हुआ है। इसे लेकर आम जनमानस में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के रुख हैं। सबसे ज्यादा खलबली सोने के कारोबार से सीधे जुड़े सराफा क्षेत्र में है वहीं सोने की दीवानी माने जाने वालीं महिलाओं में भी बेचैनी है और उनमें बिन सोना सब सून जैसी फीलिंग महसूस की जा रही है।**

**भिलाई।** पीएम की अपील को सामान्य जन में एक वर्ग जहां देश को आर्थिक संकट से बचाने देशभक्ति से जोड़कर त्याग के भाव से देख रहा है वहीं दूसरा वर्ग इसे राजनीतिक विरोधाभास के रुप में हजारों लोगों की बेकारी, फैशन, सौंदर्य व अपनी संस्कृति तथा आपात संचय से दूरी बनाने के प्रयास के तौर पर देख रहा है। दुर्ग जिला में रोज करीब सौ करोड़ का गोल्ड का व्यवसाय होता है। ट्विनसिटी में ढाई सौ दुकानें हैं, जिनमें लगभग करीगरों सहित तीन सौ कर्मचारी काम करते हैं।

उल्लेखनीय है कि अमरीका-इजरायल और इरान के बीच छिड़े युद्ध के चलते भारत में मंडराते आर्थिक संकट के बादलों को देखते हुए पीएम ने देशवासियों से एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पेट्रोल,डीजल का उपयोग कम कर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल, खाद्य तेल का उपयोग कम करने और वर्कफ्राम होम करने, विदेश यात्रा न करने, फर्टिलाइजर कम उपयोग के साथ के साथ एक वर्ष तक सोना न खरीदने का आह्वान किया है। शहर में इसकी मिलीजुली प्रतिक्रिया सुनने को मिल रही है। पीएम की अपील इस आसमान छूती महंगाई वाले आसन्न आर्थिक संकट के वक्त कमजोर होते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए देश के लिए त्याग करने के रुप में की गई है लेकिन सबसे सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया पेट्रोल डीजल और सोन न खरीदने को





लेकर सुनाई दे रही है। सोने से सीधे तौर पर ज्वेलरी व्यवसायी और महिलाएं जुड़ी हैं, जिनमें सोने से दूरी को लेकर खासी प्रतिक्रिया है। सराफा कारोबारी सामान्य तौर पर तो पीएम की इस अपील का सम्मान व समर्थन कर रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं इस कदम के आगे नकारात्मक परिणाम से चिंतित भी है। महिलाओं का मानना है कि सोना हमारी संस्कृति से जुड़ा है और सौंदर्य, स्टेटस, फैशन के साथ आपात काल में इसकी सेविंग मददगार भी साबित होती है। लिहाजा सोने से परहेज आम महिलाओ को नागवार गुजर रहा है और वे थोड़ी मायूस हैं। कुछ महिलाएं तो इतनी नवर्सनेस महसूस कर रही हैं कि उनके रोचक कमेंट्स सुनने को मिल रहे हैं। वे कह रही है कि भला तन और मन से सुंदर हम सुंदर महिलाओं को आभूषणों की क्या जरुरत है।

फिर पुलिस का खौफ हटने से आए दिन सरेराह चेन स्नेचिंग जैसी रोजमर्रे की बढ़ती वारदातों ने हमें जेवरात पहनने के लायक ही कहां छोड़ा है। नेहरुनगर की निहारिका गौराहा बताती हैं कि सोने से गरीब महिलाओं का कोई लेना देना नही है। लेकिन हम मिडिल क्लास महिलाएं बच्चों के शादी ब्याह और खुद पार्टी जैसे कार्यक्रमों में ज्वेलरीज पहनने के लिए जरुरत के हिसाब से खरीदते हैं। यदि इसमें भी रोक लगा दी जाएगी तो फिर हमारी संस्कृति का क्या होगा। सेक्टर दस की साधना नेमा कहती हैं कि सोना वैसे ही आसमान छू रहा है और अगले साल दो बेटियों का ब्याह है तो फिर हमारे जैसे हजारों लोग क्या करेंगे। आर्थिक संकट से देश को बचाने के लिए तो और भी रास्ते हैं सरकार व सरकारी तंत्र के साथ समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची भी कम की जा सकती है। रेखा सान्याल का कहना है कि पीएम ने खाड़ी युद्ध के चलते पेट्रोल डीजल व सोने के आयात से कमजोर होते विदेशी मुद्रा भंडार को देखते हुए देशवासियो से इस तरह के संयम की अपील अपने देश की मदद के लिए की है। हमें इसका स्वागत कर सहयोग किए जाने की जरुरत है। लेकिन नेताओं को भी इस पर अमल किए जाने की जरुरत है।

### पुराना सोना एक्सचेंज से होगा कम असर, बेकारी व कालाबाजारी से रहना होगा अलर्ट

गोल्ड नहीं खरीदने की पीएम की अपील से भिलाई दुर्ग के सराफा क्षेत्र में मिलाजुला असर है। औसत रुप से सराफा व्यवसायियों ने देश को आर्थिक संकट से बचाने के लिए इस कदम का स्वागत किया है और सरकार को सहयोग का भरोसा दिला रहे हैं। लेकिन कुछ व्यवसायी एक साल तक सोने की बिकवाली कमजोर होने के चौतरफा दुष्परिणाम को लेकर आशंकित भी नजर आ रहे हैं। भिलाई दुर्ग सराफा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पीयूष पारख बताते हैं कि पीएम मोदी की सोना नहीं खरीदने की अपील युद्ध के दौरान अर्थिक संकट का सामना करने के लिए देशप्रेम से जुड़ी है। हम इसका समर्थन करते हैं। इससे लाभ अधिक नुकसान कम है। जरुरतमंद पुराना सोना एक्सचेंज कर शादी ब्याह का काम चला सकते हैं। वहीं कुछ सराफा व्यवसायी सोने की बिकवाली कम होने से सराफा व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान, करीगरों की बेकारी और कालाबाजारी जैसे दुष्परिणामों से चिंतित हैं। रिसाली मार्केट आरके ज्वेलर्स के संचालक रमेश देवांगन बताते हैं कि दो दिन में ही सोना का रेट 10 हजार रुपए बढ़ गया है। सरकार को गोल्ड के ब्लैक मार्केट को सख्ती से रोकना होगा। घाटे से बचाने के लिए ज्वेलरी बिजनेस के लिए पैकेज की भी अपेक्षा है।



लाइव इवेंट

## आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के जन्मोत्सव पर भजन संध्या और गुमनाम नायकों का सम्मान



**दुर्ग।** आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाम को भजन संध्या हुई। आर्ट ऑफ लिविंग के अभिनव पहल के तहत अनसंग हीरोज यानी गुमनाम गायकों का सम्मान किया गया।

दुर्ग के में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। उनके द्वारा समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गुमनाम नायक सम्मानित हुए। इस अवसर पर प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि श्रीश्री के एक विश्व एक परिवार, वसुधैव कुटुम्बकम से समाज को मजबूती मिल रही है। गुमनाम हीरो को पहचान देने संस्था द्वारा नई पहल की गई है। उन्होंने अयोध्या विवाद को सुलझाने में गुरुजी की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। गुरु के 70वें अवतरण दिवस पर सुबह साधकों ने विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया की। उसके पश्चात इंदिरा मार्केट में शरबत वितरण किया गया। शाम को गुरु पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दुर्ग में यह अवार्ड व्यवसाय के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाऊंडेशन के संस्थापक राज आढ़तिया, युवा नेतृत्व के लिए समीक्षा पोद्दार तथा खेल के क्षेत्र में आर्म रेसलर हर्ष खोडियार को सम्मानित किया गया।

### सत्संग में भजनों पर झूमे

गुरुजी का जन्मोत्सव होने के कारण अधिकांश भजन गुरु को समर्पित रहे। प्रशिक्षकों ने गुरु ओम-गुरु ओम नमो नमः, अजो अनंताय, नित्याय शुद्धाय, गुरु मात-पिता, गुरु बंधु सखा, मधुबन की लताओं में, विट्ठल माझा के साथ ही गणेश वंदना और शिव भजन गाये। कार्यक्रम में अपेक्स सदस्य नरेंद्र राठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ प्रशिक्षक हरजीत सहोता ने दुर्ग भिलाई में आर्ट ऑफ लिविंग की शुरुआत पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आज दुनिया के 180 देशों में संस्था काम कर रही है। शरीर से मन के स्तर तक स्वस्थ रहने के कोर्स लोगों को सिखाए जा रहें हैं। कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ चंद्राकर और आभार व्यक्त अमन बेलचंदन ने किया।



## मंदिर परिसर में रोपे बरगद, पीपल, नीम, सिंदूर और कटहल के पौधे, बनाया सुरक्षा घेरा

**भिलाई।** भीषण गर्मी से बचाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए भिलाई पर्यावरण मित्र मंडल द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पौधारोपण विशेष अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा द्वारा गायत्री मंदिर रिसाली परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पुरोहित जितेंद्र साहू ने अपने परिवार के साथ मिलकर बरगद, पीपल, नीम, सिंदूर और कटहल के पौधे सुरक्षा घेरे के साथ रोपे। सभी ने पौधों को वृक्ष बनने तक सेवा करने का संकल्प लिया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणादायक बना। इस अवसर पर संरक्षक बालूराम वर्मा ने नागरिकों से अपील किया है कि भविष्य में फलदार और छायादार पौधे निशुल्क प्राप्त करने के लिए रशियन कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-7 भिलाई नगर से संपर्क कर सकते है। श्री वर्मा ने कहा कि पौधारोपण से ही आने वाले समय में हमारा भिलाई सुंदर, स्वच्छ एवं हरियाली से परिपूर्ण बन सकेगा। हर साल बढ़ रही गर्मी से बचाव के लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। मंडल का यह अभियान अलग-अलग परिसरों में लगातार जारी रहेगा।



## ग्लोबल अचीवर आइकॉन अवार्ड 2026 से नवाजे गए डॉ. डीपी देशमुख

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार एवं समता साहित्य अकादमी जिला दुर्ग के अध्यक्ष डॉ. डी.पी. देशमुख को को उनकी दीर्घकालीन साहित्य साधना के लिए अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल अचीवर आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी भारत द्वारा तेलंगाना के हैदराबाद स्थित सुल्तान बाजार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामदास तादस वर्धा महाराष्ट्र रहे। विशिष्ट अतिथियों में कर्नल व्ही.के. पोखरियाल हैदराबाद, पद्मश्री अशोक कुमार हालदार मालदा पूर्वी बंगाल, प्रो. डॉ. माया देवी विभागाध्यक्ष हिंदी ओसमानिया यूनिवर्सिटी हैदराबाद शामिल रहे। सम्मान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. टंडेकर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश ठाकुर की



उपस्थिति में प्रदान किया गया। सम्मेलन में कला, साहित्य, रंगमंच, संगीत, फिल्म, स्पोर्ट्स और समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए देशभर के 10 विशिष्टजनों को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रदेशों की लगभग 50 प्रतिभाओं को विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. डी.पी. देशमुख की इस उपलब्धि पर समता साहित्य अकादमी के महासचिव डॉ. गिरधर चंद्रा, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, डॉ. सुरेश तिवारी, विजेंद्र वर्मा, डॉ. कल्याण साहू, सी.आर. ठाकुर, नीता देशमुख, संगीत वर्मा सहित अनेक साहित्यकारों एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। सभी ने इसे छत्तीसगढ़ के साहित्य जगत के लिए गौरव का क्षण बताया।

जुटे दुर्ग जिलों के मास्टर ट्रेनर्स, 28 मई को मुख्यमंत्री के आतिथ्य में होगा समापन

कार्नर न्यूज

## हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान की शुरुआत जो लड़कियों तक सीमित नहीं, लड़कों को भी करेगा जागरूक

**भिलाई।** मासिक धर्म को लेकर फैली चुप्पी तोड़ने और किशोरियों में स्वास्थ्य-स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने के लिए तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू हुआ। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले से जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के साथ जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, गाइडर अन्नपूर्णा रामटेके और पार्वती साहू ने भाग लिया। यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन रायपुर में हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए राज्य के सभी जिलों से तीन-तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स पहुंचे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की जरूरत है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के साथ शुरू की गई इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा।



### अभियान लड़कियों तक सीमित नहीं, लड़के भी होंगे जागरूक

यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान है। यह माहवारी के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ेगा। यह अभियान लड़कियों तक सीमित नहीं रहेगा, लड़कों को भी जागरूक करेगा और उनकी झिझक दूर करेगा। उन्होंने इस विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी।यूनिसेफ के व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने बताया कि अभियान से किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता बढ़ेगी, माहवारी पर बात करने की झिझक दूर होगी और भ्रांतियां कम होंगी। यह बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन में यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई, वाश स्पेशलिस्ट श्वेता पटनायक, राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त जी स्वामी, रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही, राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता भी मौजूद रहे। संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त पूनम सिंह साहू ने किया और आभार राज्य संयुक्त सचिव बीना यादव ने दिया।

पहले दिन का प्रशिक्षण यूनिसेफ के एसबीसी कंसलटेंट अभिषेक त्रिपाठी, वाश ऑफिसर बिरजा कबी सतपथी और आशीष कुमार ने दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संकल्प भी दिलाया। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले से जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, गाइडर अन्नपूर्णा रामटेके और पार्वती साहू ने भाग लिया।



## सिटी इवेंट

# जागरूकता ही महिलाओं को स्वस्थ्य और सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम



**भिलाई।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नेहरू नगर भिलाई द्वारा महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल टाऊन में निवासित महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संगीता सिन्हा वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, द सृजन भिलाई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर्स उपस्थित रही। उनके द्वारा विशेष रूप से एनिमिया खून की कमी और महिलाओं के स्वास्थ्य मासिक धर्म स्वच्छता पोषण प्रजनन स्वास्थ्य तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान डॉ. संगीता सिन्हा ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों का समय पर टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच करो के लिए प्रेरित किया। डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि जागरूकता ही महिलाओं को स्वस्थ्य और सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उप प्राचार्य डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. अश्वदी पिल्लाई सह प्राध्यापक स्वीटी आदित्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

- रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई के छात्रों ने महिलाओं को किया जागरूक

## सिटी लाइव

# अंतर-विभागीय गायन स्पर्धा 9 जून से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा अंतर-विभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता आयोजन 9 जून से 13 जून तक सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया जाएगा। इस मेंबीएसपी कर्मचारिय व उनकी पत्नियां भाग लेंगी। तीन वर्गों में आयोजित इस स्पर्धा में पुरुष हिंदी एकल गायन, महिला हिंदी एकल गायन, पुरुष गैर-हिंदी एकल गायन, महिला गैर-हिंदी एकल गायन तथा युगल गायन होंगे। हिंदी एवं गैर-हिंदी गायन प्रतियोगिताएँ पृथक श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। गैर-हिंदी श्रेणी में प्रतिभागी हिंदी के अतिरिक्त किसी भी भाषा में प्रस्तुति दे सकेंगे, जिसमें किसी भी भाषा के प्रत्येक श्रेणी में पृथक प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु न्यूनतम छह प्रतिभागियों की सहभागिता अनिवार्य होगी। युगल गायन प्रतियोगिता में केवल पति-पत्नी की जोड़ी को भाग लेंगे। प्रवेश प्रपत्र 15 मई 2 से कार्यालयीन समय में सेक्टर-4 स्थित हैंडबॉल अकादमी परिसर में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग से प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून है।

- प्रतिभागियों के लिए लिए अंतिम तारीख 5 जून

## इवेंट लाइव

# देशहित में लोगों को स्वस्थ हो तो साइकिल चलाओ का दिया संदेश

**भिलाई।** ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर तेल संकट गहरा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल बचाने की अपील को लेकर अब समाज के प्रबुद्ध वर्ग से भी आवाज उठने लगी है।



इसी कड़ी में भिलाई के मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने पीएम की अपील का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने संदेशात्मक अपील करते हुए कहा कि देश हित में आज से वे साइकिल से ही ड्यूटी जाएंगे। कठिन समय में पेट्रोल की एक-एक बूंद बचाना ही सच्चा देशप्रेम और राष्ट्रधर्म है। डॉ. देवांगन ने भारत के समस्त नागरिकों से भी आग्रह किया कि जो स्वस्थ हैं वे साइकिल को प्राथमिकता दें। डॉ. अंकुश छत्तीसगढ़ के पहले कलाकार हैं जिन्हें संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ललित कला अकादमी नई दिल्ली का बोर्ड मेंबर बनाया गया है। उन्होंने साइकिल कैंपेन का आगाज करते हुए स्वस्थ हो तो साइकिल चलाओ और इस दुनिया को हसीन बनाओ का नारा भी दिया। डॉ. देवांगन 36 वर्षों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो आंदोलन चला रहे हैं। वे बच्चों को निशुल्क चित्र-मूर्तिकला सिखाते हैं, जिससे हजारों बच्चे मुख्यधारा से जुड़े हैं। उनकी बनाई कलाकृतियां भिलाई सिविक सेंटर के कृष्ण-अर्जुन रथ, सेक्टर-1 के श्रमवीर चौक, दल्ली राजहरा के भव्य लौह रथ से लेकर भोपाल राजभवन तक देशभर में स्थापित हैं।डॉ. देवांगन ने कहा कि साइकिल चलाने वाला हर व्यक्ति ग्लोबल पर्सनैल्टी है, क्योंकि वह प्रदूषण घटाने में योगदान देता है। कोरोना काल में प्रदूषण कम हुआ था, उस लक्ष्य को फिर हासिल किया जा सकता है। इससे देश आर्थिक रूप से मजबूत होकर विश्व की तीसरी शक्ति बनेगा।

## ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर आज से

**दुर्ग।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पं. रविशंकर स्टेडियम में 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट कैम्प का आयोजन 15 मई से आरम्भ किया जा रहा है।



यह कैम्प सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक रहेगा। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सुबह 7.30 से 9 एवं शाम 5 से 6 बजे तक स्टेडियम ऑफिस में किया जा रहा है। दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा विगत 28 वर्षों से पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट कैम्प का आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष भी क्रिकेट कोचिंग में खिलाडियों को विभिन्न चरण में क्रिकेट की कोचिंग दिया जायगा। मनोरंजन, खेलना और श्रेष्ठ होना। कैम्प में खिलाड़ियों के फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। साथ ही क्रिकेट खेल बैटिंग, बॉलिंग, कीपिंग और फील्डिंग की बेसिक जानकारी दी जाएगी। कैम्प के आखिरी चरण में खिलाड़ियों को मैच सिमुलेशन प्रैक्टिस कराया जाएगा। ग्रीष्मकालीन क्रिकेट कैम्प के संयोजक सुरेश साहू, आशीष सूर्यवंशी तथा कोचिंग अनुभवी, बीसीसीआई से प्रशिक्षित एवं पूर्व नेशनल व यूनिवर्सिटी खिलाड़ी संजीव श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह भोगल, राकेश साहू, अजय, कौशल वर्मा, सुशील मिश्रा, रिजवान, कोंडल राव, इंदर कौर, भारत सोनी, रवि चौबे आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### क्रूर दृष्टि, नकारात्मक ऊर्जा और बाधाओं के निवारण के लिए सेक्टर 6 में विशेष अनुष्ठान

# न्याय के देवता शनि का प्राकट्य उत्सव कल, मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या की तैयारी, फूलों से होगी विशेष साज-सज्जा

### शनैश्वर धाम में अभिषेक, हवन-पूजन और भंडारा, इंडियन आयडल फेम माहुरी शर्मा के भजन



**भिलाई।** न्याय के देवता और कर्मफलदाता भगवान शनिदेव का प्राकट्य महोत्सव ट्विनसिटी में धर्म, आस्था और समर्पण के साथ सभी शनि मंदिरों में मनाया जायेगा। विभिन्न आयोजनों की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। शनि जयंती शनिवार 16 मई को मनाई जाएगी। जिसके लिए मंदिरों में आयोजन की शुरूआत भी हो चुकी है। साधु-संतों और पंडितों के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जायेंगे। सजावट महाआरती, भजन संध्या के साथ ही भंडारे भी होंगे। इस दौरान मंदिरों की फूलों से सजावट और 56 भोग लगाए जाएंगे। 108 किलो लड्डू का भोग लगेगा। इस अवसर पर कुछ मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ सहित अनुष्ठान अनुष्ठान होंगे। शनि जयंती के दिन ज्येष्ठ मास में अमावस्या के दिन ही वटसावित्री व्रत भी किया जायेगा। इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए वट सावित्री व्रती महिलाओं के लिए मंदिरों में विशेष आयोजन और व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। शहर के अन्य मंदिरों में भी शनि जयंती को लेकर तैयारियां की गई है।



### सेक्टर-6 काली बाड़ी में आयोजन और भंडारा

शनि जयंती पर सेक्टर-6 के काली बाड़ी मंदिर में आयोजित अनुष्ठान की जानकारी देते हुए डॉ प्रदीप चौधरी ने बताया कि शनि जयंति के अवसर पर पंडित मानस के सानिध्य में क्रूर दृष्टि, नकारात्मक ऊर्जा और बाधाओं के निवारण के लिए प्रार्थना की जायेगी। सुबह साढ़े 8 बजे शनि एवं नवग्रह अभिषेक, क्रूर दृष्टि विनाशक हवन सुबह 11 बजे, दोपहर 12 बजे आरती के बाद महाप्रसाद चढ़ाने के साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सिविल लाइन स्थित शनि मंदिर में भी विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। शनि उत्सव को लेकर दुर्ग और भिलाई के अन्य मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न होगी।

### भक्ति और उल्लास का होगा संगम

शनिवार को शनैश्वर धाम शनि मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सड़क 33, सेक्टर-6 स्थित मंदिर परिसर में शनि जयंति हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 24 नंवबर 2021 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। पांचवें साल के इस आयोजन में लोगो की आस्था निरंतर बढ़ती जा रही है। शनि महोत्सव की शुरुआत सुबह 10 बजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश के आवाहन और वेदी पूजन के साथ होगा। शनिदेव का अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगल आरती होगी। महायज्ञ की पूर्ण आहुति दोपहर 1 बजे होगी, जिसके बाद दोपहर 1.30 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों भक्तों के बीच महाभोग और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम को यह धार्मिक अनुष्ठान भजनों की अमृतवर्षा से सराबोर हो उठेगा। शाम 7 बजे भव्य महाआरती के साथ एक सुरमयी भजन संध्या का आगाज होगा, जिसमें गायिका अंचल शर्मा और इंडियन आइडल फेम माहुरी शर्मा अपनी सुमधुर स्वर लहरियों से शनि भक्तों को भाव-विभोर करेंगी। यह अनुष्ठान आचार्य पं. रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में और पं. गोविंद प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से कराया जाएगा।

### शनि जयंती पर तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव



श्रमिक नगर छावनी वार्ड 40 स्थित पीताम्बर पीठ सूर्य पुत्र शनिदेव मंदिर में मां भगवती राज लक्ष्मी, पंचमुखी हनुमान और भैरव की गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन 14 मई शुरू हो गई है। मंदिर व्यवस्थापक ओमकुमारी पंडित ने बताया कि ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी से अमावस्या तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा का नगर भ्रमण और देवी स्थापना से की गई। शनिवार को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर शनि जयंती और अभिषेक का आयोजन होगा और प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

### शनिदेव मंदिर राधिका नगर में दो दिवसीय आयोजन




शनिदेव मंदिर राधिका नगर में 15 और 16 मई तक शनिदेव जयंती उत्सव मनाया जाएगा। विश्व कल्याणार्थ यह आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह और शाम को अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। इस दौरान राम दरबार, माता सीता, हनुमान, भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 16 मई को सुबह शनिदेव का अभिषेक और श्रृंगार, महाप्रसाद चढ़ाया जाएगा। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विवाह बाधा, गृह क्लेश निवारण, नवग्रह शांति, शनि, राहू, केतु, मंगल दीप शांति, रूद्राभिषेक, यज्ञ सहित अनुष्ठान किए जाएंगे।

### ऊर्जा बचाव पर हुई चर्चा

# मध्यपूर्व युद्ध का वैश्विक प्रभाव पर गुरू संग गोठ



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरू संग गोठ कार्यक्रम के तहत मध्यपूर्व युद्ध का वैश्विक प्रभाव विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया। छात्राओं एवं शिक्षकों ने युद्ध से उपजे आर्थिक संकट और पर्यावरणीय क्षति पर चिंता जताई।कार्यक्रम में प्रभारी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का वैश्विक प्रभाव अत्यंत व्यापक और नकारात्मक है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा आर्थिक संकट मंडरा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर अमल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भूगोल और हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षों सहित शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए कि युद्ध प्रकृति के नाजुक संतुलन को कई तरह से बिगाड़ता है। पर्यावरणीय क्षति से प्राकृतिक संसाधनों, महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्रों और लोगों के स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा पर विनाशकारी परिणाम होते हैं।छात्राओं ने वर्तमान में ऊर्जा बचाव के तरीकों की चर्चा की। नौशीन, मानसी प्रसाद, युक्ति देशमुख, लुबना खान ने अपने सुझाव रखे। गुरू संग गोठ महाविद्यालय की महत्वाकांक्षी परंपरा है, जिसमें गुरू एवं शिष्य ज्वलंत समसामयिक समस्याओं पर चिंतन-मनन कर समाधान पर पहुंचते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैभवशंकर सोनी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन तब्बसुम अली ने किया। इस चर्चा में प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश, भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, ज्योति भरणे और डॉ. तोषिना तैलंग ने भाग लिया।



**शिक्षकों-छात्राओं ने पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर जताई चिंता**

# केएच मेमोरियल स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**भिलाई।** केएच मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल ने इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता हासिल कर एक बार फिर शिक्षा क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता साबित की है। विद्यालय के कुल 54 छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें सभी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। छात्रा सुहानी शाह ने 93.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र संदीप यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि आर्यन वर्मा ने तृतीय और मो. रेहान हुसैन ने चौथा स्थान प्राप्त किया। टॉप-10 सूची में आगे यामिनी साहू ने पांचवां स्थान, सोनाक्षी ने छठवां स्थान तथा नीलेश ने सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं आयुष मिश्रा ने आठवां स्थान, देवांश ने नवां स्थान तथा तनु सोनकर ने दसवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्य विभा झा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी उपलब्ध रहेंगे मीडियेटर

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय को जनसामान्य तक सुलभ, सरल एवं सहभागी स्वरूप में पहुंचाने की अभिनव पहल के अंतर्गत समाधान समारोह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। समापन चरण में 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति, संवाद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है, जिससे पक्षकारों को प्रभावी, मानवीय एवं सहज न्याय उपलब्ध कराया जा सके। जिला एवं सत्र न्यायालय ने समाधान समारोह को सफल बनाने हेतु आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि के दौरान भी मीडियेटर, मध्यस्थ मध्यस्थता कार्यवाही हेतु उपलब्ध रहेंगे, ताकि पक्षकारों को उनके प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निराकरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपनी सुविधा अनुसार प्रत्यक्ष रूप से अथवा वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित होकर विवादों के निराकरण की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### रूंगटा यूनिवर्सिटी में रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस यानी रेयर अवॉर्ड का आयोजन

# देश और समाज के लिए की रिसर्च, हौसला बढ़ाने 37 प्रोफेसरों को दिए 12 लाख के पुरस्कार

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** आज के दौर में रिसर्च सिर्फ लैब और किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज की जरूरतों और नई तकनीकों से जुड़कर बदलाव की ताकत बन चुकी है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए रूंगटा यूनिवर्सिटी में रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस यानी रेयर अवॉर्ड का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सिटी की उन फैकल्टी मेंबर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने रिसर्च, इंटरनेशनल जर्नल पब्लिकेशन और इनोवेटिव आइडियाज से शिक्षा जगत में नई पहचान बनाई है। कार्यक्रम में 37 फैकल्टी को 12 लाख रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश थे। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान उसकी इमारतों से नहीं, बल्कि वहां तैयार हो रहे नए विचारों और शोध से बनती है।



उन्होंने कहा कि जब रिसर्च का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं बल्कि समाज की जरूरतों का समाधान बन जाए, तभी उसका असली महत्व सामने आता है। संस्थान की कई फैकल्टी दुनिया के टॉप दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो चुकी हैं, यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

### असल ताकत होती है रिसर्च

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि किसी भी संस्थान की असली ताकत उसकी रिसर्च और सोच होती है। उन्होंने सम्मानित फैकल्टी को बधाई देते हुए कहा कि लगातार नए विषयों पर शोध करना ही शिक्षा को आगे ले जाता है। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि रिसर्च का असली उद्देश्य नई संभावनाओं को जन्म देना और समाज के लिए उपयोगी समाधान तैयार करना है। जब शिक्षक और शोधकर्ता अपने काम से नई सोच पैदा करते हैं, तभी शिक्षा संस्थान देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि पिछले एक साल में संस्थान को विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से रिसर्च के लिए 3 करोड़ रुपए का अनुदान मिला है, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। स्कूल ऑफ फार्मेसी का रिसर्च पब्लिकेशन इंपैक्ट फैक्टर 12.4 तक पहुंचा है, जबकि इंजीनियरिंग विभाग का इंपैक्ट फैक्टर 20.2 रहा। इन शोध कार्यों को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में सराहा गया। एआईसीटीई आरपीएस, एमएसएमई हैकाथॉन, अटल एफडीपी, डेनमार्क कॉन्फ्रेंस ग्रांट, आईपीएफसी ग्रांट, आईडिया लैब ग्रांट मिली। जिससे शोध कार्यों में तेजी आई। इस सम्मान समारोह में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. संजीव शुक्ला, महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. चिनमय चंद्राकर, डॉ. नीमा एस बालन, डॉ. मधुलिका प्रधान, डॉ. आशीष दीक्षित, डॉ. डीएन देवांगन, डॉ प्रतीक अग्रवाल, शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डीन आरएंडडी डॉ. रामकृष्ण राठौर और डॉ. वियजलक्ष्मी घोष ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### यूथ कप में अभ्युदय रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई की ओर से आयोजित यूथ कप (द्वितीय वर्ष) के अंतर्गत गुरुवार को शानदार मैच हुए। टीम पद्मनापुर क्रिकेट क्लब दुर्ग विरुद्ध आरके अकादमी हुडको के मैच में परिणाम पद्मनाभपुर क्रिकेट क्लब ने सात रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच अभ्युदय वैष्णव को अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वेटरन्स टेबल टेनिस खिलाड़ी विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में पद्मनापुर क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट पर 107 रन बनाए। आर के यादव ने 26 रन मोक्ष यादव ने 22 रन एवं ध्रुविक ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आर के अकादमी मोहित ने तीन विकेट एवं हमजा हुसैन ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में आर के अकादमी 100 रन पर आउट हो गई। एम सतीश ने 47 रन और अथर्व भोसले ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में पदनाभपुर क्रिकेट क्लब के श्रीहित खोबरागड़े एवं श्रीजन सोनी ने तीन-तीन विकेट, अभ्युदय वैष्णव एवं आर्यन मेहता ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं ज्ञानूराव एवं स्कोरर चैतन्य बागडे थे।

### अंडर-16 एलिट ग्रुप में बीएसपी की जीत, दूसरा मैच ड्रॉ



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को शानदार मैच हुए। दल्ली राजहरा में टीम बीएसपी विरुद्ध कोरबा में परिणाम स्वरूप बीएसपी ने एक पारी एवं 25 रन से जीत हासिल की और सात अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बीएसपी पहली पारी में 303 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी में 129 रन पर आउट हो गई। फॉलोआन खेलते हुए कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में 149 रन बनाएं एवं टीम ऑल आउट हो गई। धमतरी में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध दुर्ग परिणाम में मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को तीन अंक और दुर्ग को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में दुर्ग पहली पारी में 171 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन 302 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 338 रन बनाए।

### विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस 20 से

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 20 मई से 24 मई तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। पिछले दो वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है।

## फैट को लेकर मिथक चलन में, हकीकत को जानें

# ट्रांस फैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा हेल्थ रिस्क के साथ जानें इससे बचने के तरीके

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है। फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है, हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा और स्किन के लिए महत्वपूर्ण है।

बताना चाहूंगा कि फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांस फैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है।



### ट्रांस फैट क्या है

खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं और इन जानवरों से बने खाद्य पदार्थों (जैसे, दूध और मांस उत्पादों) में इन फैट की मात्रा आ जाती है। वहीं आर्टिफिशिअल या कृत्रिम ट्रांस फैट (या ट्रांस फैटी एसिड) एक इंडसट्रियल प्रोसेस से बनाए जाते हैं, जो लिक्विड वनस्पति तेलों को रूम तापमान पर ठोस बनाने के लिए हाइड्रोजनीकरण विधि से बनाया जाता है और उन्हें रासायनिक रूप से बदल दिया जाता है। यह उन्हें लंबे समय तक सेल्फ लाइफ देता है। आपकी रोजाना ली जाने वाली कैलोरी का 1 प्रतिशत से अधिक ट्रांस फैट का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि अगर कोई 2000 कैलोरी का सेवन कर रहा है, तो 20 कैलोरी से अधिक ट्रांस फैट से नहीं जाना चाहिए।



प्रोसेस फूड के ट्रांस फैट के लिए प्राइमरी डाइट्री सोर्स 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' है। नवंबर 2013 में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक ऑर्डर निकाला था कि आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल को आम तौर पर मानव भोजन में प्रयोग होने के लिए सुरक्षित होने के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट के इस्तेमाल को कम करने के लिए कुछ नियम जारी किए थे। नियम के मुताबिक, प्राधिकरण ट्रांस फैट की मात्रा को 2021 तक 3 प्रतिशत और 2022 तक 2 प्रतिशत तक करने के लिए नियम ला चुका है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2022 तक दुनिया को ट्रांस फैट से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। 2003 में नॉर्वे ने फूड में ट्रांस फैट की मात्रा को पूरी तरह से बैन कर दिया था।



### ट्रांस फैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने में कृत्रिम ट्रांस फैट की भूमिका सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, फैट के अन्य प्रकार या कार्ब्स की बजाय ट्रांस फैट का सेवन करने वाले लोगों का एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि हुई थी।

### ट्रांस फैट इतना फेमस क्यों है ?

1990 से पहले, ट्रांस फैट के बारे में बहुत कम जानकारी थी कि ट्रांस फैट आपके स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन 1990 के दशक में, रिसर्च ने ट्रांस फैट के बारे में रिसर्च शुरू की।

# एशियाई मंच पर छत्तीसगढ़ की बेटी ने जीता दोहरा पदक, ज्ञानेश्वरी को मिली सराहना

**रायपुर।** राजनांदगांव की युवा वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के गांधीनगर में जारी एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में बुधवार 13 मई को भारत का प्रतिनिधित्व कर रही राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 194 किग्रा के कुल भार के साथ यह पदक जीता।

भारतीय वेटलिफ्टर ने स्नैच में 88 किग्रा का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और क्लीन एंड जर्क में 106 किग्रा (अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से सिर्फ एक किग्रा कम) भार उठाकर कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उनका कुल 194 किग्रा का भार उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के बराबर था। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 83 किग्रा, 86 किग्रा और 88 किग्रा भार सफलतापूर्वक उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया और इस वर्ग में रजत पदक जीता।

क्लीन एंड जर्क में उन्होंने अपने पहले प्रयास में 103 किग्रा का भार उठाया, लेकिन 106 किग्रा भार उठाने में सफल नहीं हुईं। हालांकि, उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में सफलतापूर्वक भार उठा लिया और इस वर्ग में पांचवीं सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर जगह बनाई। एशियन चैंपियनशिप में



ओवरऑल लिफ्ट के अलावा वेटलिफ्टिंग के दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की झाओ जिनलान ने कुल 216 किग्रा (95 किग्रा + 121 किग्रा) भार उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि वियतनाम की हुआंग्युएन होआई ने 195 किग्रा (87 किग्रा + 108 किग्रा) भार उठाकर सिल्वर मेडल हासिल किया। इस बीच, भारत की बिंदियारानी देवी ने महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में कुल 203 किग्रा भार उठाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। तीन साल पहले महाद्वीपीय प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता बिंदियारानी ने स्नैच में 89 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 114 किग्रा भार उठाया था।

स्नैच में उन्होंने 85 किग्रा और 89 किग्रा सफलतापूर्वक उठाए, लेकिन अपने अंतिम प्रयास में 91 किग्रा उठाने में नाकाम रहीं। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 114 किग्रा से शुरुआत की और फिर 118 किग्रा के दो प्रयास असफल रहे।

दक्षिण कोरिया की किम इल-ग्योंग ने कुल 230 किग्रा (105 किग्रा + 125 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीन की वेई टिंगना ने 225 किग्रा (101 किग्रा + 124 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक हासिल किया, जबकि वियतनाम की तामक्वांग थी ने 221 किग्रा (99 किग्रा + 122 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में भी भारत पदक नहीं जीत सका, क्योंकि राजा मुथुपांडी कुल 293 किग्रा भार उठाकर सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने स्नैच में 129 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 164 किग्रा भार उठाया। मुथुपांडी ने 126 किग्रा भार सफलतापूर्वक उठाया, 129 किग्रा भार नहीं उठा सके, लेकिन स्नैच में उन्होंने यही भार सफलतापूर्वक उठाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 164 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की, लेकिन 168 किग्रा भार उठाने के अपने अगले दो प्रयास पूरे नहीं कर सके। चीन के हे युएजी ने कुल 329 किग्रा (146 किग्रा + 183 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर कोरिया के जिनपाक म्योंग ने 321 किग्रा (144 किग्रा + 177 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया, जबकि चीन के डिंग होंगजी ने 319 किग्रा (145 किग्रा + 174 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले सोमवार को चोटिल ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेल रहीं कोमल कोहर ने वूमेंस 48 किग्रा में ओवरऑल और क्लीन एंड जर्क में दो कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन भारत में दूसरी बार हो रहा है। इससे पहले 1982 में नई दिल्ली यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। गांधीनगर में आयोजित इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का समापन 17 मई को होगा। भारत के अजीत नारायण (पुरुष 71 किग्रा), वल्लूरी अजय बाबू (पुरुष 79 किग्रा) और निरुपमा देवी सेराम (महिला 63 किग्रा) इसमें हिस्सा लेंगे।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव की सफलता प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने एशियाई स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और ज्ञानेश्वरी की यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। श्रीमती राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानेश्वरी यादव आने वाले समय में देश के लिए और बड़े कीर्तिमान स्थापित करेंगी तथा युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करेंगी।



# ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो जाएं सावधान, फ्रॉड से बचें

आज के समय में सही जीवनसाथी ढूंढ पाना काफी मुश्किलभरा काम हो चुका है। ऐसे में मेट्रिमोनियल साइट्स आपको परफेक्ट मैच का ऑप्शन दे रही हैं, लेकिन कई बार स्कैमर्स इन वेबासाइट्स पर फेक अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी भी करते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है। जहां पहले जमाने में रिश्तेदार या परिचित शादियां तय किया करते थे, वहीं आज के दौर में शादी के लिए जीवनसाथी ढूंढने का तरीका काफी बदल गया है। आज के डिजिटल दौर में, लोग अब मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए परफेक्ट मैच ढूंढ रहे हैं। ये साइट्स न केवल आपका समय बचाती हैं, बल्कि आपको देश-विदेश में रहने वाले संभावित पार्टनर्स से कॉन्टैक्ट करने का मौका भी देती हैं। हालांकि, ये वेबसाइट्स जितनी सुविधाजनक हैं, उतनी ही इनके जरिए धोखाधड़ी भी होती है। आपने कई बार सुना होगा कि महिला को उसके परफेक्ट मैच ने लाखों का चूना लगाया या किसी इंसान को तब झटका लगा जब उसे पता चला कि उसका मंगेतर पहले से शादीशुदा है। कई ऐसे मामले सामने आते रहते हैं और इससे बचने के लिए आपको केवल सतर्क नहीं रहना होगा, बल्कि आपको कुछ तरीकों को अपनाकर खुद को फ्रॉड से बचाना होगा।




जब भी आप किसी मेट्रिमोनियल वेबसाइट पर पार्टनर की तलाश करें, तो कोशिश करें कि ऐसी साइट को सेलेक्ट करें, जो आपको प्रोफाइल वेरिफिकेशन की सुविधा देती हो। वेरिफाइड प्रोफाइल का मतलब होता है कि उस इंसान की पहचान और जानकारी को पूरी तरह से जांचा गया है और वह असली है। अगर किसी की प्रोफाइल में जानकारी बहुत कम हो, फोटो या डिटेल्स काफी ज्यादा परफेक्ट लगे, तो सतर्क हो जाएं। अक्सर ऐसी प्रोफाइल्स नकली या फ्रॉड हो सकती हैं।

### अपनी पर्सनल इन्फॉर्मेशन किसी अनजान से शेयर न करें

जब आप किसी मेट्रिमोनियल साइट पर बात कर रही होती हैं, तो आपको शुरुआत में भरोसा नहीं करना चाहिए। अपने घर का एड्रेस, बैंक डिटेल्स,आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसी डिटेल्स किसी भी अनजान के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। कई बार स्कैमर्स आपकी इन जानकारियों का इस्तेमाल करके आपके साथ ठगी और आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। इसलिए, जब आप ऑनलाइन पार्टनर ढूंढ रही हों, तो सबसे पहले वेबसाइट या ऐप के मैसेंजिग सिस्टम का इस्तेमाल करें।



### पैसों की मांग करने वालों से सावधान

यदि आप किसी मेट्रिमोनियल साइट से जुड़ी हैं और वहां आपको कोई इंसान मिला है। वह कुछ दिन आपसे बात करने के बाद कुछ पैसों की रिक्वेस्ट करता है और मनगढंत कहानियां बनाकर आपको सुनाता है, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-

श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे मुवक्किल राजा चौहान,पिता स्व. हेमेन्द्र चौहान, सकीन: वाल्डोर्फ हाईट्स, रिंग रोड 01, भाटागांव चौक, रायपुर, (छ.ग.) के पक्ष में विक्रेता गुपेन्द्र कुमार निर्मलकर पिता: खिलेंद्र कुमार निर्मलकर, निवासी: मकान न.104, वार्ड 03,चंदखुरी,र.नि.म. अंडा के द्वारा अपने हक एवं स्वामित्व की भूमि खसरा: 1227/01, रकबा 0.0420 हेक. भूमि को पुत्र गुपेन्द्र कुमार निर्मलकर के द्वारा विधिवत इकरार नामा पश्चात पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत बैनामे के माध्यम से सम्पूर्ण विक्रय प्रतिफल राशि लेकर दिनांक 17/12/2024 को विक्रय की गई थी।

विक्रय के पश्चात अब मेरे मुवक्किल के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही को लेकर आपत्ति की गई, परिणाम स्वरूप मेरे मुवक्किल के पक्ष में नामांतरण को खारिज करा लिया और वापस राजस्व न्यायालय को गुमराह कर अपने पक्ष में पिता खिलेंद्र कुमार निर्मलकर पिता स्व. गोवर्धन ने अपने पुत्र गुपेन्द्र कुमार निर्मलकर के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी करते हुए वापस उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरित करा लिया जिसके एवज में मेरे मुवक्किल ने अपराध दर्ज कराने की कार्यवाही कर रहा हैं।

उक्त तथ्यों के आधार पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि खसरा:1227/01,रकबा:0.0420 हेक. ग्राम - चंदखुरी र.नि.म. अंडा जिला - दुर्ग, स्थित भूमि का कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि का सव्ययहार ना करे क्यों कि मेरे मुवक्किल आज भी उपरोक्त भूमि का विधिवत भूमि स्वामी हैं किंचित कोई भी व्यक्ति अगर सव्ययहार करता हैं तब ऐसे दशा में मेरा मुवक्किल उक्त खरीदार के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही करेगा क्यों कि ऐसे खरीदी बिक्री अवैधानिक हैं।

सो सूचना जानो।

बृजेश चंद्र मिश्रा (अधिवक्ता)
कार्यालय पता: प्रथम तल, एमआईजी : 1/869, हुडको, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
मो: 9827461101

## मुकदमें के फैसले के बारे में संमस

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
क्लेम वाद क्रमांक 518/2026
प्रो.-257/2026, पेशी दि.- 25/6/26

न्यायालय श्रीमान (यशवंत कुमार सारथी) तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक-कुनाल दिल्लीवार, अनावेदक- श्रीमती सोमी देवी वगैरह //बनाम// श्रीमती सोमी देवी उर्फ सोनी देवी पति स्व. सुगेरा राम उम्र 37 वर्ष, पता-सी.एस.आई.टी. हॉस्टल के पास, कोलिहापुरी, थाना- पुलगांव, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) दैनिक समाचार पत्र नव भारत/ हरिभूमि के माध्यम से उपस्थिति (तामिली) सूचनार्थ)।

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध धारा 166 मोटर यान अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक. 25 माह 06 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 25/04/2026 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(यशवंत कुमार सारथी)
तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दुर्ग (छ.ग.)

## समक्षः श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ०ग०)

**।। शपथ पत्र ।।**

मैं उषा पति श्री बुद्धेश्वर प्रसाद, उम्र 52 वर्ष, जाति नाई, निवासी ग्राम खुरसुनी, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ०ग०) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा शाखा सिविक सेंटर भिलाई-1 में पॉलिसी क्र. 383264109 एवं 385272257 है। उक्त दोनों पॉलिसी में मेरा नाम RAJESHWARI KAUSHIK दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड, व बैंक पासबुक में मेरा नाम USHA दर्ज है जो कि उक्त दोनों नाम एक ही महिला अर्थात् मुझ शपथकर्ता की नाम है, जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि, उक्त दोनों नाम RAJESHWARI KAUSHIK एवं USHA एक ही महिला अर्थात् मुझ शपथकर्ता की नाम होने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान् सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

उषा
शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 03 में किये गये कथन मेरी निजी जानकारी व विश्वास से सत्य एवं सही है. जिसे आज दिनांक 17.02.2026 को स्थान गुण्डरदेही में लिखाकर, पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।

उषा
सत्यापनकर्ता

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये अनुसार यह आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी निकिता जैन बिनायके पति स्व. रोहित जैन बिनायके निवासी शॉप नं. 11, हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूखंड जो वाजे मौजा-कोसानगर, अंतर्गत नेहरू नगर (पश्चिम) में स्थित भूखण्ड क्रं. 03 ब्लॉक नं. 45 बी क्षेत्रफल-9मी.×15मी. = 135 वर्गमीटर भूमि स्थित है। उसे खरीदने का पक्का सौदा किया गया है, जिसका इकरारनामा / पंजीयन निष्पादित किया गया केवल पंजीयन निष्पादित कराना बाकी है।

अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनॉक से 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेगें। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नही होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित इकरारनामा / पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने
गैदलाल यादव/डी आर यादव
स्थान- दुर्ग
मो.नं. 9827108870
दिनॉक. 14.05.2026
अधिवक्ता
ओम साई नमन एसो.
जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17
जी.ई. रोड गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)

## नीलम रत्न पहनने के दौरान न करें ये गलतियां

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इससे पहनने से पहले अपने ज्योतिषसे सलाह जरूर लें कि आपकी राशि के लिए कौन सा रत्न शुभ है। वहीं नीलम रत्न पहनने के दौरान उसे मध्यमा उंगली में पहनें। क्योंकि नीलम रत्न का संबंध शनि ग्रह से है। अगर महिलाएं नीलम रत्न पहन रही हैं तो उसे मध्यमा उंगली में ही पहनें। अगर आप नीलम रत्न पहन रहे हैं तो इसे धारण करने के लिए शनिवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है। शनिवार के दिन आप ब्रह्म मुहूर्त से लेकर शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे के बीच धारण कर सकते हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बीएसपी ने सीबीएसई 12 वीं के टॉपर्स को किया सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम हुआ। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने मेधावी छात्र आयुष प्रिया और छात्रा अर्पिता यादव को सम्मानित किया। जीएम प्रभारी एबी श्रीनिवास, जेएन ठाकुर, अमूल्य प्रियदर्शी, जीएएम शिखा दुबे, सौमिक डे तथा प्राचार्य (सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10) सुमिता सरकार आदि उपस्थित थे। आयुष प्रिया ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुर्ग जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डीपीएस, भिलाई के छात्र आयुष प्रिया, जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र के एसीएमओ डॉ राजीव प्रिया के पुत्र है अर्पिता के पिता व्यवसायी हैं। ईडी पवन कुमार ने कहा कि ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि होते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

### एचआरडी में परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन- ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग विभाग द्वारा एचआर-एलएंडडी सेंटर में परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप हुई। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहेरा, सीजीएम तीर्थंकर दस्तीदार, पीआर भल्ला, महाप्रबंधक एनके खरे तथा महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव आदि अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास, परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार एवं अनुशासित कार्य निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया। उत्पादन प्रदर्शन, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, प्रक्रिया स्थिरीकरण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा तकनीकी सुधार आदि पर विचार-विमर्श कराया गया।समापन सत्र में सभी समूहों द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण दिए गए, जिसके बाद सुझावों एवं प्रस्तावित पहलों पर चर्चा की गई एबीपी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक कार्ययोजना तैयार की गई। श्री बेहरा ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासित निष्पादन के महत्व पर जोर दिया।

# ई-रिक्शा से कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा मंत्री, दिया ईंधन बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

**पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश**



प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव गुरुवार को ई-रिक्शा से भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने पुलगांव और उरला स्थित शासकीय स्कूलों पहुंचे। मंत्री ने पर्यावरण हितैषी सफर का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया है।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने ई-रिक्शा से यात्रा कर समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। मंत्री यादव ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन और वैकल्पिक ऊर्जा आधारित वाहनों का उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह राष्ट्रहित में जिम्मेदार नागरिक होने का परिचायक भी है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ हम सभी को छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से देशहित में योगदान देना चाहिए। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने मंत्री श्री यादव को ई रिक्शा से आते देख उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया।

# भिलाई निगम के अधिकारी साइकिल से करेंगे अब निरीक्षण, आयुक्त राजीव ने की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी स्थल निरीक्षण अब साइकिल से जाकर करेंगे। इसकी शुरूआत गुरुवार को निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं की। आयुक्त ने पार्षद विनोद सिंह के साथ

- पीएम मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल की खपत कम करने की है अपील

जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का साइकिल से सुबह निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आई.टी.आई. ग्राउण्ड, श्रीराम वाटिका एवं खुर्सीपार खेल मैदान का जायजा लेकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल- डीजल की खपत कम करने की अपील की है।

### आईआईटी ग्राउंड का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आईटीआई ग्राउंड में हो रहे सौंदर्यकरण एवं विकास कार्य का बारीकी से अवलोकन किया, जल भराव ना हो को दृष्टिगत करते हुए कार्य करने कहा गया है। खेल मैदान में व्यक्तिगत कार्यक्रम कराये जाने पर सफाई शुल्क सहित किराया लेने कहा गया है जिस मैदान का रखरखाव एवं व्यवस्था बेहतर हो सके । उद्यानों की साफ-सफाई, रखरखाव और नागरिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिये, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें।

### वास्तविक स्थिति का बेहतर अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने अधिकारियों को भी साइकिल से प्रातः भ्रमण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का बेहतर आकलन किया जा सकता है तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। लोगों से अनुरोध किए हैं की प्रति दिवस साइकिल का उपयोग करें जिससे ट्रैफिक नियंत्रण, पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और आर्थिक बचत भी होगा । निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, अतुल यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आश्वासनों तक सिमटी यूनियनें, रिटेंशनधारियों में बढ़ रहा है असंतोष

# पांच महीने बाद भी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को आवासीय किराया वृद्धि से नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**जन प्रतिनिधियों से निगम चुनाव पूर्व राहत की बंधी नई उम्मीद**



टाउनशिप में सैकड़ों रिटायर बीएसपी कर्मचारियों में रिटेंशन को लेकर टेंशन बढ़ता जा रहा है। इसके चौतरफा विरोध के पांच महीने बाद भी प्रबंधन से राहत मिली है और न ही जन प्रतिनिधि ही भरोसा दिला पा रहे हैं। इससे रहवासियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि रिटेंशनधारियों के बेतहाशा किराया वृद्धि के पुरजोर विरोध के देखते हुए महीनेभर पूर्व बीएसपी प्रबंधन द्वारा रुआबांधा सेक्टर में एनक्यू ग्रेड के क्वार्टर रिटायर कर्मियों को आवंटित करने की आवासीय योजना की पेशकश की थी। लेकिन इस योजना को लेकर रिटेंशनधारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यूनियनें इसे पुरानी स्कीम और रुआबांधा के आवासों को जर्जर बताते हुए अन्य सेक्टरों में आवंटन की मांग कर रही हैं। वहीं प्रबंधन द्वारा अब तक रिटेंशनधारियों की भारीभरकम किराया वृद्धि कम नहीं करने और बंद कर दी गई इस स्कीम को दोबारा शुरु नहीं किए जाने से सैकड़ों रिटेंशनधारी और हाल में रिटायर हुए और निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों व अधिकारियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। रिटेंशधारियों ने बताया कि पांच महीने से गुहार व आंदोलन करने के बाद प्रबंधन ने किराया कम नहीं किया है और न ही सांसद विजय बघेल ही प्रबंधन के आश्वासन व सरकार के भरोसे पर अमल करवा पा रहे हैं। यूनियनें भी आश्वासनों तक सिमट कर रह गई हैं। हर महीने 18 हजार से बीस हजार रुपए किराया आने से परेशानी बढ़ रही है। पचास से अधिक रिटेंशनधारी अपना बीएसपी क्वार्टर छोड़ने मजबूर हो चुके हैं। किराया वृद्धि के बाद से ही रिटेंशनधारी सिर्फ बिजली बिल जमा कर रहे हैं ताकि प्रबंधन बिजली कनेक्शन न काटे। इधर प्रबंधन ने कई लोगों को बकाया किराया के लिए नोटिस देने का सिलसिला जारी रखा है। विभाग कई रिटेंशनधारियों पर लाखों रुपए का आउटस्टैंडिंग बता रहा है। लेकिन यूनियनें कुछ बकायादारों के आधार पर सभी का किराया वृद्धि व स्कीम को बंद कर देने के कदम को कर्मचारी विरोध बता रहे हैं।

### चार महीने से हो रहा पुरजोर विरोध

बीएसपी द्वारा पिछले दिसंबर महीने में रिटेंशन स्कीम के तहत एकाएक 24 रुपए प्रति वर्गफुट यानी 32 गुणा आवासीय किराया वृद्धि के साथ इस स्कीम को बंद भी कर दिया गया है। इससे 24 सौ रिटेंशनधारी व रिटायर हो रहे व होने वाले कार्मिकों में आवासीय समस्या को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। रिटेंशनधारी यूनियनों के हर पखवाडे महीने में गुहार करने पर सांसद प्रबंधन व दिल्ली स्तर पर चर्चा व राहत मिलने का आश्वासन व उम्मीद बंधाते हैं। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव भी दिसंबर में 5 दिनी आमरण अनशन, घर घर जनमत सर्वे व पैदल मार्च निकालकर इस्पात भवन के सामने बेमुद्दत डेरा जमाने का ऐलान कर चुके हैं । सेवानिवृत्त कर्मचारी यूनियनें स्कूटर रैली व साप्ताहिक बैठकों में किराया वापसी के लिए दबाव बना रही हैं। लेकिन अब तक परिणाम शिफर है।

### चुनाव पूर्व राहत की उम्मीद

रिटेंशनधारियों को अब आखिरी उम्मीद चुनाव के पूर्व प्रतीत हो रही है। विदित हो कि दिसंबर में भिलाई और रिसाली निगम सहित निकटस्थ पांच नगर निकायों के चुनाव होने हैं। यूनियनों के मुताबिक चुनाव में रिटेंशन एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा। क्योंकि किराया वृद्धि को लेकर चौदह सौ रिटेंशधारी और हालिया रिटायर होने वाले कर्मी अधिकारियों में भारी आक्रोश है। यदि चुनाव पूर्व किराया वृद्धि प्रबंधन ने कम नहीं किया या फिर स्कीम शुरु नहीं की तो इसका खामियाजा सत्तारुढ़ भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। भिलाई, रिसाली,जामुल व कुम्हारी निगम क्षेत्र में बीएसपी से जुड़े हजारों वोटर हैं। रिटेंशनधारियों को उम्मीद है कि निगम चुनाव को देखते हुए दिसंबर के पूर्व रिटेंशन का टेंशन कम हो सकता है। क्योंकि दिल्ली व छग दोनों जगह भाजपा की सरकार यानी डबल इंजिन की सत्ता है। रिटेंशन में राहत देने से सत्तारुढ़ पार्टी को लाभ मिलेगा और राहत नहीं मिलने पर विपक्ष को फायदा होगा।

# कुरुद में चोरों का आतंक दिन दहाड़े हो रही चोरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई में जामुल थाना अंतर्गत आने वाले कुरुद ढांचा भवन में चोरों का आतंक है। यहां आए दिन चोर दिन दहाड़े लोहे का रॉड और घर के बाहर रखा सामान पार कर दे रहे हैं। इसमें एक चोर जो ढांचा भवन का रहने वाला है, बबलू वो चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में रंगे हाथ कैप्चर

- स्थानीय चोरों और नशेड़ियों का आतंक

हुआ है और जामुल पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया, लेकिन पुलिस के पास समय नहीं है कि वो चोर पर कार्रवाई करके उसे सलाखों के पीछे भेज सके।इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। जामुल थाना अंतर्गत कुरुद ढांचा भवन से लगी अक्षरधाम कालोनी है।

यहां बड़ी संख्या में नए मकानों का निर्माण हो रहा है। इसका फायद लोकल चोर जमकर उठा रहे हैं। वो दोपहर और रात के समय घूमते घूमते मकान के सामने से सामान चोरी कर लेता है और उसे बेचकर नशा करता है। जामुल थाना प्रभारी का कहना है कि अक्षरधाम कालोनी में इससे पहले भी पारस जैन के घर में चोरी हुई थी। उसका सीसीटीवी फुटेज भी आया है। इसके साथ ढांचा भवन व आसपास हुई चोरियों से भी मिलान किया जा रहा है। इसके बाद आरोपी बबलू के खिलाफ मामला दर्ज कर उसको न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### तालाब रहता है नशेड़ियों का जमावड़ा

अक्षरधाम कालोनी नकटा तालाब के ठीक बगल से स्थित है। यह कालोनी काफी बड़े और यहां अच्छे नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग के लोग रहते हैं। लोग शाम व रात को तालाब में टहलने के लिए तालाब के ऊपर आते हैं, लेकिन यहां हर समय नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। इससे लोग यहां आने से भी डरते हैं। लोगों का कहना है कि यहां पुलिस की गश्त न होने से अराजकतत्वों का मन बढ़ता है। रात में यही लोग घरों में चोरी भी करते हैं। लोगों ने पुलिस से इनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भीषण गर्मी में भी पीईटी देने पहुंचे अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भीषण गर्मी में भी पीईटी की परीक्षा देने विद्यार्थी पहुंचे। छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए प्री.इंजीनियरिंग टेस्ट यानी पीईटी की

- जिले के 7 सेंटरों में हुई परीक्षा

परीक्षा हुई। सुबह 10 बजे से यह परीक्षा दुर्ग भिलाई के 7 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। परीक्षा में 2362 अभ्यर्थियों को शामिल होना था लेकिन 411 नहीं पहुंच पाए। साइंस कालेज दुर्ग, शासकीय गर्ल्स कॉलेज दुर्ग, पॉलिटेक्नीक कॉलेज दुर्ग, बीआईटी दुर्ग, रतनचंद सुराना कालेज दुर्ग और सेंट थामस कॉलेज भिलाई में परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थी पहुंचे। व्यापमं द्वारा आयोजित इस परीक्षा की मानिटरिंग जिला प्रशासन के अधिकारियों की टीम ने की।

### आधी बांह व हल्के रंग के कपड़े पर प्रवेश

अभ्यर्थियों को हल्के रंग व आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने के लिए बुलाया गया था। इसलिए अभ्यर्थियों ने काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े नहीं पहनें। फुटवियर के रूप में चप्पल पहन कर अभ्यर्थी आए। परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी नहीं ले जाने दिया गया। परीक्षा कक्ष के बाहर सभी सामान रखवा दिया गया।

**प्रदेश के 26 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 14014 सीटें:** भिलाई सहित प्रदेश के 26 इंजीनियरिंग कॉलेजों में पीईटी के जरिए 14014 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। जिसके लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में सवाल आसान पूछे गए थे। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का क्रेज दिनोदिन बढ़ रहा है। सॉफ्टवेयर इंडस्ट्रीज में इनके प्रोफेशनल्स की डिमांड है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, डाटा एनालिसिस, मशीन लर्निंग जैसे कोर्स भी शुरू हो रहे हैं।

# म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी की रकम ट्रांसफर जिले में तीन बैंकों के 308 खाताधारकों पर केस दर्ज

**भिलाई।** दुर्ग जिले में सुपेला, उतई और दुर्ग कोतवाली थाना में साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए अलग-अलग बैंकों के 308 म्यूल खातों के खिलाफ अपराध दर्ज की गई है। समन्वय पोर्टल से प्राप्त साइबर शिकायत के आधार पर पुलिस अब पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

- आईडीएफसी बैंक के 30, बंधन बैंक के 172 और इंडियन ओवरसीज बैंक के 106 खाता जांच के दायरे में

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल और पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर उतई थाना क्षेत्र के आईडीएफसी बैंक, सुपेला थाना क्षेत्र के बंधन बैंक और दुर्ग कोतवाली में इंडियन ओवरसीज बैंक के संदिग्ध खातों की जांच की गई। जांच के दौरान सामने आया कि उतई में आईडीएफसी के 30, सुपेला में बंधन बैंक के 172 और दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में इंडियन ओवरसीज बैंक के 106 खातों में साइबर ठगी से जुड़ी रकम सीधे ट्रांसफर की गई थी। पुलिस के अनुसार ये खाते लेयर-1 म्यूल अकाउंट की श्रेणी में पाए गए, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम प्राप्त करने, छिपाने और दूसरे खातों में ट्रांसफर करने के लिए किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच इन खातों के जरिए अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि संबंधित खाताधारकों ने स्वयं या अन्य लोगों के साथ मिलकर साइबर ठगी की रकम को ट्रांसफर और आहरित करने में भूमिका निभाई। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 318(3) और 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# सुशासन तिहार शिविर में लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई





सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में जन समस्या निवारण

- वैशालीनगर लोकांगन परिसर में हुआ आयोजन

शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27, 28 एवं 29 के नागरिक शामिल होकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आवेदन भी जमा किये हैं । शिविर में राष्ट्रीय आयुष मिशन, मेडिकल स्वास्थ्य विभाग, एम.एम.यू. चलित स्वास्थ्य शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, पशुधन विभाग, राशन कार्ड, पेयजल एवं जल कार्य, लोक कर्म विभाग, नामांतरण एवं लीज डीड फ्री-होल्ड, राष्ट्रीय पेंशन योजना, जन स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, श्रम विभाग, ई-श्रमिक कार्ड, वन विभाग, पुलिस सहायता केन्द्र तथा जन मित्र योजना सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविर में नागरिकों को स्वास्थ्य जांच, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन, योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई।

## नई एजेंसी तय नहीं होने से स्ट्रीट लाइट सुधारने निगम के अधिकारी असमर्थ

# टेंडर न होने से अंधेरे में डूब रहा शहर, स्ट्रीट लाइट सुधारने के लिए कर्मचारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम लोगों से साफ सफाई से लेकर प्रकाश और जल व्यवस्था का टैक्स तो लेता है, लेकिन उनको सुविधा मुहैया नहीं करा पा रही है। सबसे दयनीय हालत प्रकाश व्यवस्था की है। नया टेंडर नहीं हो पाने से कई इलाकों की स्ट्रीट लाइट पिछले एक महीने से बंद हैं। इन्हें बनाने के लिए निगम के पास न तो कोई एजेंसी और न कोई कर्मचारी। इससे रात के समय लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

जानकारी के मुताबिक भिलाई निगम ने सी बीजू को सवा दो करोड़ रुपए में स्ट्रीट लाइट को सुधारने का टेंडर दिया था। सी बीजू ने बताया कि उनका टेंडर अप्रैल 2026 में खत्म हो गया है। टेंडर नॉम्स के मुताबिक निगम यदि कोई नई एजेंसी तय नहीं करता तो पुरानी एजेंसी को 25 प्रतिशत अधिक भुगतान के साथ टाइम एक्सटेंशन दे सकता है, लेकिन आयुक्त राजीव पाण्डेय ने न तो नई एजेंसी तय की और न ही पुरानी एजेंसी की समय अवधि को बढ़ाया। सी बीजू का कहना है कि समय सीमा नहीं बढ़ाने से उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की तो बताया गया कि उनका टेंडर खत्म हो गया है। इसलिए उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों को काम से हटा दिया और अप्रैल 2026 के बाद से स्ट्रीट लाइट मरम्मत की जिम्मेदारी को छोड़ दिया। उनका कहना है जब निगम नई एजेंसी तय करेगा तभी स्ट्रीट लाइट को ठीक करना का काम शुरू हो पाएगा।



स्ट्रीट लाइट बंद होने से कॉलोनी में छाया अंधेरा

### जोन 2 क्षेत्र में सबसे अधिक हो रही परेशानी

स्ट्रीट लाइट सुधारने के ठेका खत्म हो जाने से सबसे अधिक जोन 2 के लोग परेशान हैं। यहां ढांचा भवन, शांति नगर, हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर सहित कई इलाकों में लगी स्ट्रीट लाइट पिछले लगभग एक महीने से बंद हैं। लोग कंप्लेन करके थक गए हैं, लेकिन इन्हें सुधारने वाला कोई नहीं पहुंच रहा है। हालत यह है कि यहां की जोन आयुक्त ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि जब नई एजेंसी तय होगी तभी वो सुधार का काम करवा पाएंगे।

### आयुक्त की गलती से हो रही परेशान

स्ट्रीट लाइट का ठेका निगम आयुक्त के द्वारा किया गया था। उन्हें ही नई एजेंसी तय करनी या फिर पुरानी एजेंसी का टाइम एक्सटेंशन करना था, लेकिन उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह जनता की मूलभूत सुविधाओं में से एक है। इस समस्या को उन्हें दूर करना था, लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**नीरज पाल,** महापौर, नगर पालिक निगम भिलाई

